डाक पंजिकृत ए/बी 123/21.23



# झुग्गी झोपड़ी

प्रयागराज से प्रकाशित हम बनेंगे आपकी आवाज हिन्दी दैनिक

Website : www.jhuggijhopri.com www.jjnews.in प्रयागराज,शुक्रवार.25 नवंबर,2022 वर्ष–07 / अंक–195 पृष्ठ–08 / मूल्य–2 रूपये

## दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष ने पूछा– केजरीवाल ने मुसलमानों के लिए क्या किया

उत्तर– बिल्कुल, हम मजबूत तैयारी कर रहे हैं। जनता से संवाद का हमारा कार्यक्रम लगातार चल रहा है। हमने सभी क्षेत्रों में मजबूत प्रत्याशी दिए हैं। जनता के लिए हमने महत्त्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। यदि हम निगम की सत्ता में आए तो, अब तक के लंबे समय से पड़े हाउस टैक्स को पूरी तरह माफ कर एक नई शुरुआत की जाएगी। इसी तरह की कई और घोषणाएं हम करने वाले हैं। हमें पूरी उम्मीद है कि इस चुनाव में हम पिछली बार की तुलना में बड़ी सफलता हासिल करेंगे। प्रश्न– आपका खोया जनाधार आपकी तरफ वापस लौटे, इसके लिए आपने क्या प्रयास किए हैं, इस चुनाव में यह जनाधार किस हद तक आपके पास वापस आने की उम्मीद है?उत्तर– आप कांग्रेस का इतिहास जानते हैं। हमने जनता के लिए संघर्ष कर उसके दिलों में अपनी जगह बनाई है। आजादी के समय लोगों के साथ स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ी, आज उसके अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हैं। आज कई मायने में स्थिति ज्यादा गंभीर है। एक राजनीतिक दल संवैधानिक संस्थाओं की मर्यादा समाप्त कर अपना एजेंडा देश में चलाना चाहता है, तो दूसरा दल केवल झूठ, छल–प्रपंच की राजनीति कर सत्ता में बना रहना चाहता है। वहीं, हमने हमेशा सेवा का मार्ग अपनाया। जब मैं अध्यक्ष बना, हमारे सामने कोरोना काल से निपटने की चुनौती थी। हमने अपनी जान की परवाह न करते हुए लोगों की सेवा की, गरीब प्रवासी श्रमिकों को उनके घर भेजने की व्यवस्था की। हमने अपने कई साथियों को खोया, फिर भी हम सेवा में डटे रहे। आज भी हमारे नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा पर हैं और देश को जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। अब यह जनता को ही तय करना है कि वह किसे अपना जनप्रतिनिधि बनाना चाहती है।प्रश्न– दलित, मुसलमान और गरीब प्रवासी, ये आपके कोर वोटर रहे हैं। आम आदमी पार्टी और भाजपा ने इनके लिए काफी आकर्षक योजनाएं पेश की हैं। ये वर्ग आपके साथ आए, इसके लिए आप क्या प्रयास कर रहे हैं?उत्तर– मैं पूछना चाहता हूं कि अरविंद केजरीवाल ने मुसलमानों के लिए क्या किया? जब शाहीन बाग में नागरिकता कानून के विरोध में आंदोलन हो रहे थे, केजरीवाल वहां कभी नहीं गए। जब दिल्ली के दंगे हो रहे थे, वे घर से बाहर नहीं निकले। दंगों के बाद भी वे किसी पीड़ित से मिलने नहीं गए। जब कोरोना काल आया, तब पता नहीं किसके दबाव में दिल्ली सरकार ने तब्लीगी जमात के लोगों को कोरोना फैलाने का जिम्मेदार ठहरा दिया। मौलाना साद के ऊपर गंभीर मामले दर्ज कर दिए गए। तब अरविंद केजरीवाल कहां थे? आज जब गुजरात में चुनाव हो रहे हैं, केजरीवाल बिल्किस बानो के सामूहिक दुष्कर्म के दोषियों की रिहाई पर चुप हैं? मैं पूछना चाहता हूं कि क्या उन्हें मुसलमानों से वोट मांगने का हक है? इसी तरह दिल्ली में संत रविदास मंदिर तोड़ दिया गया। केंद्र सरकार से लेकर दिल्ली सरकार तक चुप रही। सर्वोच्च न्यायालय में यह कहा गया कि मंदिर को दोबारा बनाया जाएगा। लेकिन दो साल बीत चुके हैं, अब तक वहां एक ईंट नहीं



रखी गई है? दलित समाज के आराध्य का अपमान करने के बाद भी क्या केजरीवाल उनसे वोट मांग सकते हैं? कोरोना काल में गरीब प्रवासी मजदूरों को भोजन देने की बजाय उन्हें बसों में भरकर आनंदविहार बस अड्डे पर मरने के लिए छोड़ दिया गया। क्या उन गरीब प्रवासियों से दिल्ली सरकार को वोट मांगने का हक है? मैं बहुत विश्वास के साथ आपसे कहना चाहता हूं कि केजरीवाल की कलई उतर गई है। अब दलित–मुसलमान –प्रवासी श्रमिक उन्हें वोट देने के लिए तैयार नहीं है।

## संक्षिप्त सार

### महाराष्ट्र–कर्नाटक सीमा विवाद

महाराष्ट्र में विपक्ष के नेता अजीत पवार ने गुरुवार कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई की उस टिप्पणी की निंदा की है, जो उन्होंने दोनों राज्यों के सीमा विवाद को लेकर की है। पवार ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से जवाब देने को कहा है। उन्होंने इस मामले में केंद्र से हस्तक्षेप की मांग की है। दरअसल, बुधवार की शाम बोम्मई ने ट्वीट किया, महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कर्नाटक–महाराष्ट्र सीमा मुद्दे पर भड़काऊ बयान दिया है।

## ईरान के उप विदेशमंत्री ने की भारत की तारीफ



ईरान के उप विदेश मंत्री अली बाघेरी कानी ने आज विदेशमंत्री एस जयशंकर से दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने समाचार एजेंसी एएनआई से दोनों देशों के बीच संबंधों को लेकर चर्चा की। बाघेरी कानी ने कहा कि भारत और ईरान एक सफल भागीदार हैं और एक दूसरे को पूर्ण करते हैं। ईरान के पास विशाल ऊर्जा संसाधन हैं और वह भारत को ऊर्जा आपूर्ति प्रदान करता है। वहीं, भारत खाद्य स्टेपल का एक प्रमुख प्रदाता है और ईरान की हर तरह से मदद करता है। उन्होंने कहा कि भारत में चर्चा के मुख्य विषयों में से एक चाबहार बंदरगाह में भारत के साथ हमारे सहयोग को बढ़ावा देना था। यह परियोजना न केवल ईरान और भारत के लिए बल्कि हमारे क्षेत्र के अन्य देशों के लिए महत्वपूर्ण है और उत्तर–दक्षिण पारगमन गलियारे को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण है।

**अमेरिका और पश्चिमी देशों पर लगाए गंभीर आरोप**

ईरान के उप विदेशमंत्री ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि अमेरिका और पश्चिमी देशों ने ईरान, रूस और वेनेजुएला पर प्रतिबंधा लगाए हैं। उन्होंने दुनिया की ऊर्जा सुरक्षा को अस्थिर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अन्य सरकारों को इन शक्तियों को उनके द्वारा उत्पन्न मुद्दों के लिए जिम्मेदार ठहराना चाहिए।

**महसा अमिनी की हत्या नहीं बल्कि उनका निधन हुआ था**

एएनआई के साथ एक विशेष साक्षात्कार में, अली बघेरी ने गुरुवार को कहा कि महसा अमिनी की हत्या नहीं की गई थी बल्कि उनका निधन हो गया। हमने ईरान में विकास के संबंध में कुछ पश्चिमी मीडिया द्वारा बनाए गए माहौल को देखा है। यह माहौल निराधार और भ्रामक है। हम देख रहे हैं कि इन पश्चिमी शक्तियों द्वारा ईरानी राष्ट्र के अधिकारों का उल्लंघन किया जा रहा है। बता दें कि हिजाब विरोधी प्रदर्शन के दौरान महसा अमिनी नाम की महिला को ईरानी पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। इसी दौरान उसकी मौत हो गई, जिसके बाद पूरे ईरान में प्रदर्शन तेज हो गया। इस दौरान कई जगहों पर हिंसा की भी खबरें सामने आईं।

## कांग्रेस से दूर और जनता के पास आखिर राहुल गांधी की मंशा क्या है



कांग्रेस पार्टी के तमाम नेता अपने सिर को खुजा रहे हैं। उन्हें कांग्रेस को नया अध्यक्ष मिल जाने के बाद दो बातें समझ में नहीं आ रही हैं। पहली यह कि राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और सोनिया गांधी अध्यक्ष पद का चुनाव संपन्न होने के बाद पार्टी से इतना दूरी क्यों बना रहे हैं। उनके पास जरूर एक उम्मीद जिंदा थी। प्रियंका गांधी ने हिमाचल में चुनाव प्रचार किया, लेकिन उनकी रैलियां घटा दी गईं। राहुल गांधी अपनी भारत जोड़ो यात्रा में ही लगे रहे। यही हाल गुजरात विधानसभा चुनाव प्रचार को लेकर भी है। दूसरा सवाल यह है कि हिमाचल और गुजरात के नतीजे क्या राहुल की छवि पर असर नहीं डालेंगे? यह बात राहुल गांधी क्यों नहीं समझ पा रहे हैं? लेकिन दो बातें सुकून वाली भी हैं। पहला तो यह कि राहुल गांधी की यात्रा से विभिन्न छोटे दलों के क्षेत्रीय नेता भी जुड़ने लगे हैं। पार्टी के एक महासचिव को उम्मीद है कि इससे भाजपा को 2024 में पटखनी देने में मदद मिलेगी। पूर्व सांसद कमल किशोर कमांडो को भी यही लग रहा है कि थोड़ी देर से ही राहुल गांधी ने सही राजनीति शुरू कर दी है।

**डंडे से बादल खोदकर पानी बरसाने में लगी है आप**

गुजरात में चुनाव प्रचार जोरों पर है और इस बार आम आदमी पार्टी बदलाव का दावा कर रही है। लेकिन उसका यह दावा न तो कांग्रेस के नेता शक्ति सिंह गोहिल को हजम हो रहा है और न ही भाजपा की आईटी सेल के नेता को। यह बात जरूर है कि कांग्रेस के नेताओं में 2017 वाला जुनून भी नहीं दिखाई दे रहा है। मजे की बात है कि जब आम आदमी पार्टी के खेमे में चले जाइए, तो उनके नेता कांग्रेस को पस्त और भाजपा सरकार को जुमलों की सरकार बता देते हैं। वहीं गुजरात चुनाव के बाबत भाजपा के नेता अरुण शुक्ला कहते हैं कि आम आदमी पार्टी वाले डंडे से बादल खोदकर पानी बरसाने की कला में माहिर हैं। इन्होंने दिल्ली में भी यही किया है। अब गुजरात विधानसभा और दिल्ली के एमसीडी चुनाव में भी यही दोहरा रही है।

**यूपी में अब केवल बुलडोजर बाबा**

पुरानी कहावत है। लाइन छोटी करनी हो तो अपनी लाइन बड़ी कर लीजिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यही करके अपने विरोधियों को पस्त कर दिया है। हालत यह है कि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने जहां अपनी महत्वाकांक्षा को खूंटी पर टांग दिया है, वहीं दूसरे उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी अब थोड़ा संभलने लगे हैं। लखनऊ के राजनीतिक गलियारे तो यहां तक कहते हैं कि दिल्ली ने भी बिना वजह पंख फैलाने का इरादा छोड़ दिया है। बात पूरी बाबा और बुलडोजर बाबा पर आ गई है। बताते हैं नेपथ्य में इसके कई आयाम थे। 2024 का आम चुनाव तो है ही, उससे पहले के तमाम विधानसभा चुनाव भी हैं। दूसरे बाबा की हर राज्य में मांग बढ़ती जा रही है। पार्टी के संगठन ने भी मान लिया है कि बस 50 साल की उम्र को पार करने वाले योगी आदित्यनाथ का अब राज्य में भी कोई मुकाबला नहीं है।

**शिवपाल सिंह यादव लौटकर घर को आए**

समाजवादी पार्टी के संस्थापक दिवंगत नेता मुलायम सिंह यादव की राजनीतिक विरासत संभालने का ख्याब पालने वाले शिवपाल यादव को हर बार मन मसोस कर रह जाना पड़ जाता है। बड़े भाई के छोड़कर जाने के बाद वह हर रस्म रिवाज को निभाने में साए की तरह सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और परिवार के साथ थे। दरअसल उनके पास एक उम्मीद जिंदा थी। लेकिन इस बीच भतीजे तेजू का नाम प्रत्याशी के तौर पर उभरने लगा। पता चला है कि इस दौरान उनके पास एक अहम फोन आया। उन्हें मैनपुरी से चुनाव लड़ने के लिए कहा गया। यह प्रस्ताव अच्छा था। वह मन बना ही रहे थे कि अखिलेश ने पत्नी डिंपल यादव के नाम का एलान ही नहीं किया, बल्कि फोन करके चाचा के ऊपर अपनी बहू को जिताने का दारोमदार भी डाल दिया। उधार, शिवपाल पर मैनपुरी लोकसभा से ही चुनाव लड़ने के लिए दबाव बनने लगा। अब शिवपाल के सामने बड़ी मुसीबत खड़ी हो गई कि आखिर गुरु और गोविंद में किसे चुनें। बताते हैं इसमें बड़ी भूमिका फिर उनकी पत्नी ने निभाई। और उनकी समझदारी भरी ये सलाह वह मान गए। बहू का प्रचार करने उतर गए। अब जो लोग उन्हें चुनाव लड़वाने में लगे थे, वह घूम–घूमकर कह रहे हैं कि मुलायम परिवार वालों पर भरोसा करना ही बेवकूफी है।

**क्या प्रशांत किशोर करेंगे नीतीश के शामियाने में छेद**

देश के नेता यात्रा पर चल रहे हैं। एक हैं राहुल गांधी और दूसरे प्रशांत किशोर। राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा पर हैं, तो प्रशांत किशोर बिहार के कोने–कोने की यात्रा पर हैं। वह जनता को खुद से जोड़ रहे हैं। पीके की इस यात्रा पर सबसे ज्यादा निगाह भाजपा की टिकी हुई है। नीतीश कुमार की पिछली गठबंधन सरकार के एक मंत्री को साफ लग रहा है कि मुख्यमंत्री की नैय्या उनके करीबी ही डुबो देंगे। इनमें से एक आरसीपी सिंह हैं, तो दूसरे प्रशांत किशोर। फोन पर वह बताते हैं कि बिहार यात्रा का दौर खत्म होने के बाद पीके अपनी पार्टी की घोषणा करने वाले हैं। इसके बाद से बिहार में असली राजनीति शुरू होगी। तब तक तेजस्वी यादव भी अपने पत्ते खोलने शुरू कर देंगे। हालांकि पीके अपनी यात्रा के दौरान भाजपा और भाजपा विरोधी दलों से बराबर की दूरी बनाकर चल रहे हैं। लेकिन इसे बिहार के ही राजनीतिक हलके में हाथी के दिखाने वाले दांत की तरह ही माना जा रहा है।

**अब दिल्ली में कांग्रेस के लिए बचा ही क्या है?**

दिल्ली में एमसीडी चुनावों की सरगर्मियां हैं। चुनाव में कांग्रेस ने चमकती दिल्ली का विजन डाक्यूमेंट पेश किया है। पार्टी बड़ी है, पुरानी है। लेकिन नेता गायब हैं। हां, सपना जरूर बड़ा है। एमसीडी में पार्टी की उम्मीद पर पूछिए, तो प्रदेश मुख्यालय में एक नेता जी भड़क गए। बोले बचा ही क्या है? पिछले दो चुनाव से हम विधानसभा में नहीं हैं। खाता भी नहीं खुला। एमसीडी में 15 साल से भाजपा का दबदबा है। ज्यादा पूछने पर बोले माकन जी से पूछ लीजिए। पिछली बार 30 सीटें जितवाए थे और इस बार भी जैसा टिकट बंटे हैं, उसमें भगवान ही मालिक है। यहां तो हाल यह है कि पहले हम (कांग्रेस) हाफ होते हैं और फिर साफ (0) होते हैं। हमें वोट करने वाले भी विरोधी नहीं, बल्कि हमारे अपने ही होते हैं। आप चाहे तो चुनाव प्रचार के माड्यूल को ही देख लीजिए। चुनाव सिर पर है और सन्नाटा पसरा है।

# मा0 मुख्यमंत्री जी ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को वितरित किए चेक और आवास की चाभी

मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने गुरूवार को आस्था, शिक्षा और प्रगति के संगम तीर्थराज प्रयागराज के परेड ग्राउण्ड में 1295 करोड़ रूपये की 284 विकास परियोजनाओं का लोकार्पणध शिलान्यास एवं प्रबुद्धजन सम्मेलन को सम्बोधित किया। इस अवसर पर मा0 मुख्यमंत्री जी ने योजनाओं के लाभार्थियों को चेक, आवास की चाभी प्रदान की।

मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने प्रबुद्धजन सम्मेलन में उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि तीर्थराज प्रयाग सम्पूर्ण भारतवासियों की आस्था का प्रतीक है। द्वादश माधव तीर्थराज प्रयाग की शोभा बढ़ा करके इसे तीर्थों में एक महत्वपूर्ण स्थान दिलाते है। उन्होंने कहा कि जब कुम्भ की बात आती है, तो सभी का ध्यान प्रयागराज की ओर स्वतः ही चला जाता है। मा0 मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि मा0 प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में अक्टूबर 2018 में कुम्भ के ठीक पहले प्रयागराज को उसका पुरातन नाम वापस प्राप्त हुआ। दुनिया का पहला गुरूकुल महर्षि भारद्वाज मुनि का आश्रम यहीं पर है और सरकार द्वारा उनकी भव्य प्रतिमा जो यहां पर स्थापित की गयी है, यह भी हमें गौरव की अनुभूति कराती है। मा0 मुख्यमंत्री जी ने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी ने आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में मुख्य महोत्सव को सम्बोधित करते हुए पंचप्रण की बात कहीं थी। उन्होंने विकसित भारत, विरासत के सम्मान, गुलामी की हर सोच से मुक्ति, एकता और एकीकरण तथा नागरिकों के कर्तव्य पालन के पंच प्रण का संकल्प लिया था। अयोध्या में भव्य मंदिर के निर्माण का कार्य हो या काशी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, मां विंध्यवासिनी कॉरिडोर का कार्य या प्रयागराज का ऐतिहासिक कुम्भ हो, ये सभी उसी परम्परा के हिस्से है। जिस सुव्यवस्था, सुरक्षा और स्वच्छता के लिए प्रयागराज कुम्भ–2019 जाना गया, उससे भी दिव्य एवं भव्य आयोजन के साथ महाकुम्भ–2025 का आयोजन कराया जायेगा। मा0 मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज यहां पर 1295 करोड़ के कार्यों का लोकार्पणधशिलान्यास हुआ है, इससे प्रयागराज के विकास को और गति मिलेगी। स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत प्रयागराज में अनेक कार्य हुए है और लगातार अनेक कार्य कराये जा रहे है। ग्रामीण क्षेत्र में हर घर जल योजना के अन्तर्गत नल से पानी पहुंचाने की योजना पूरी हो रही है, इससे ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगो को घर पर ही पीने का साफ पानी नल के माध्यम से उपलब्ध हो रहा है। अमृत योजना के अन्तर्गत शहरी क्षेत्रों में भी पीने का साफ पानी उपलब्ध करा रहे है। मा0 मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सरकार आम–जनमानस की सुविधा के लिए पूरी तत्परता के साथ कार्य कर रही है तथा प्रयागराज के विकास के लिए प्रबुद्धजनों द्वारा दिए गए सुझावों का सरकार स्वागत करेगी। सरकार, युवाओं के स्वावलम्बन व स्वरोजगार के लिए ईमानदारी से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि विकास के क्षेत्र में व्यवधान उत्पन्न करने वाले माफियाओं के साथ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनायी जा रही है। आज माफियाओं, भ्रष्टाचारिओं के अवैध कब्जे वाले जमीनों को मुक्त कराकर वहां पर गरीबों, अधिवक्ताओं, शिक्षकों, चिकित्सकों के लिए आवास का निर्माण कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि आज अभ्युदय योजना के माध्यम से लाखों युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करायी जा रही है। मा0 मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज परीक्षाओं को पूरी पारदर्शिता के साथ आयोजित कराया जा रहा है, जो भी इसमें रूकावट डालेगा, उसके साथ सख्ती से निपटते हुए कठोरतम कार्रवाई की जायेगी। मा0 उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रयागराज की पावन धरती पर आज प्रबुद्धजनों का कुम्भ हो रहा है। मा0 प्रधानमंत्री व मा0 मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में देश व प्रदेश, विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। मा0 प्रधानमंत्री जी एवं मा0 मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में पात्र व्यक्तियों को आवास उपलब्ध कराये गये है। कहा कि सरकार की यह प्राथमिकता है कि कोई भी गरीब व्यक्ति ऐसा न रह जाये, जिसके पास अपनी छत न हो। मा0 मुख्यमंत्री जी ने भ्रष्टाचार के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ कार्य किया है, जिससे आम–जनमानस को सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे पहुंच रहा है। मा0 मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में प्रदेश ही नहीं बल्कि प्रयागराज का भी चौहुमुखी विकास हुआ है।

# आज प्रयागराज में मा.मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी, माननीय उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य




आज प्रयागराज में मा.मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी, माननीय उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ,मा उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक तथा मा0 मंत्री गणों के साथ आगामी महाकुम्भ–2025 को दिव्य एवं भव्य रूप से आयोजित किए जाने हेतु सम्बंधित विभागों के द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा की गयी। जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा प्रयागराज में वर्ष 2025 में होने वाले विश्व के सबसे बड़े धार्मिक समागम महाकुंभ मेले को देश–विदेश से आने वाले सभी श्रद्धालुओं को बेहतर से बेहतर व्यवस्था देने के लिए संकल्पित हुए इस अवसर पर प्रयागराज जिले के सभी जनप्रतिनिधि गण एवं विभागीय अधिकारी गण उपस्थित रहे


## विज्ञापन दर

समाचार पत्र का साइज 25x32

फुल पेज कलर प्रथम पेज 74 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज कलर अंतिम पेज 49 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज B/W प्रथम पेज 35 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज B/W अंतिम पेज 19 हजार रूपये मात्र।
4x6 प्रथम पृष्ठ 3000 और दूसरी पेज 2000 ब्लैक और कलर प्रथम पृष्ठ 5000 दुतीय पेज 3000
क्लासीफाइड विज्ञापन 250 रूपये मात्र।
क्लासीफाइड मंथली पांच हजार रूपये मात्र।
कोर्ट नोटिस प्रथम पार्टी 450 रूपये मात्र।
अधिक जानकारी के लिए कार्यालय मे सम्पर्क करे।
9918366626


# मुख्यमंत्री देंगे 1821 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात

नगर निकाय चुनाव से पहले मुख्यमंत्री जिले को 1821.61 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात देंगे। इनमें गोड़धोइया नाला, खजांची फ्लाईओवर, सीवरेज योजना जोन सी पार्ट टू और भटहट–बांसस्थान फोरलेन मार्ग का निर्माण कार्य शामिल है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर 27 नवंबर को दोपहर बाद आएंगे। शाम 4.30 बजे से स्पोर्ट्स कालेज में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में चार बड़ी परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इनके पूरा होने पर शहर के एक बड़े हिस्से में रह रहे लोगों को जलभराव से मुक्ति मिलने के साथ जाम की समस्या से निजात मिल सकती है। 21 वार्डों में सीवरेज व्यवस्था दुरुस्त होगी।

अपने प्रवास के दूसरे दिन 28 नवंबर को मुख्यमंत्री, चंपा देवी पार्क में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल होंगे। वह यहां करीब एक हजार जोड़ों को आशीर्वाद देंगे।

गोड़धोइया नाले के निर्माण पर 474 करोड़ खर्च होंगे करीब 10 किलोमीटर में फैले गोड़धोइया प्राकृतिक नाले को पक्का बनाया जाएगा। त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत नाले के निर्माण और उसके दोनों ओर सड़क बनाने के लिए शासन ने 474 करोड़ 42 लाख रुपये स्वीकृत किए हैं। नाले की शुरूआत में चौड़ाई 10 मीटर होगी और आखिर में यानी रामगढ़ताल के पास 20 मीटर होगी। इसी तरह, कौवाबाग से बरगदवां फोरलेन पर प्रस्तावित खजांची फ्लाईओवर का निर्माण 96 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से होगा।

21 वार्डों को सीवरेज नेटवर्क से जोड़ा जाएगा गोरखपुर सीवरेज जोन सी पार्ट टू योजना से रोहिन नदी में गिरने वाले तीन नालों (स्टेपिंग स्टोन नाला, बरगदवा गांव जालान नाला व महेसरा मोहरीपुर नाला) से संबंधित 21 वार्डों को सीवरेज नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। इसकी लागत 561 करोड़ 34 लाख रुपये है। इसके तहत 188.47 किलोमीटर सीवर लाइन बिछाई जाएगी, 30 एमएलडी का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) लगाया जाएगा। इससे 43 हजार 963 घर सीवर लाइन से जुड़ सकेंगे। 11.61 किलोमीटर लंबे भटहट–बांसस्थान मार्ग का चौड़ीकरण कर इसे फोरलेन बनाने पर 689 करोड़ 35 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे।



# शरीर को तपा रहा मौसम का बदलाव

दिन और रात के तापमान में तेजी से हो रहा बदलाव शरीर को तपा रहा है। बीते कुछ दिनों में अस्पतालों में बुखार और गठिया के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। जिला अस्पताल और बीआरडी मेडिकल कॉलेज में दोनों विभागों की ओपीडी में रोजाना एक हजार से अधिक मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। बीमारों में कम उम्र के बच्चों की संख्या भी अच्छी खासी हैं। खांसी, जुकाम के के अलावा कुछ बच्चे निमोनिया से पीड़ित मिल रहे हैं। जिला अस्पताल के फिजिशियन डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि रोजाना ओपीडी में 120 से 140 मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं।



डॉ. राजेश ने बताया कि इनमें 80 फीसदी मरीजों को बुखार के साथ खांसी और जुकाम की समस्या है। कई मरीजों में डेंगू और चिकनगुनिया के भी लक्षण मिल रहे हैं। इनको जांच की सलाह दी जा रही है। यहां मेडिसिन विभाग की चार ओपीडी चलती है। वहीं, बीआरडी मेडिकल कॉलेज में मेडिसिन की तीन ओपीडी चलती है। सभी ओपीडी में प्रतिदिन सौ के आसपास मरीज पहुंच रहे हैं।

बीआरडी मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. भूपेंद्र शर्मा ने बताया कि ओपीडी में रोजाना 300 से 400 बच्चे इलाज के लिए आ रहे हैं। इनमें 60 फीसदी मामले निमोनिया और सर्दी के मिल रहे हैं। बताया कि सर्द हवाओं की चपेट में आने से बच्चे जल्दी बीमार होते हैं। यह ठंड निमोनिया का कारण भी बनती है। लोग दिन में तापमान अधिक रहने से खुद और बच्चों को गर्म कपड़े नहीं पहना रहे हैं। ऐसे में शाम की ठंड उन्हें बीमार कर रही है। बताया कि इस मौसम में बच्चों को नंगे पांव न घूमने दें। उन्हें गर्म कपड़ों के साथ जूते पहनाएं। बीआरडी मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. भूपेंद्र शर्मा ने बताया कि ओपीडी में रोजाना 300 से 400 बच्चे इलाज के लिए आ रह हैं। इनमें 60 फीसदी मामले निमोनिया और सर्दी के मिल रहे हैं। बताया कि सर्द हवाओं की चपेट में आने से बच्चे जल्दी बीमार होते हैं। यह ठंड निमोनिया का कारण भी बनती है। लोग दिन में तापमान अधिक रहने से खुद और बच्चों को गर्म कपड़े नहीं पहना रहे हैं। ऐसे में शाम की ठंड उन्हें बीमार कर रही है। बताया कि इस मौसम में बच्चों को नंगे पांव न घूमने दें। उन्हें गर्म कपड़ों के साथ जूते पहनाएं।

जिला अस्पताल के चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. एनके वर्मा ने बताया कि बदल रहे मौसम ने शरीर में सूखेपन की समस्या बढ़ा दी है। बुजुर्गों और बच्चों में यह समस्या अधिक रहती है। लोगों को सलाह दी जा रही है कि साबुन का इस्तेमाल ज्यादा न करें। गुनगुने पानी से नहाएं। शरीर पर नारियल व अन्य तेल, वैसलीन जैली आदि का इस्तेमाल करें। बताया कि ओपीडी में 150 से 170 मरीज पहुंच रहे हैं। इसमें 80 फीसदी मामले शरीर में सूखेपन की समस्या से जुड़े हैं। मधुमेह, किडनी, हृदय रोगियों को ऐसे मौसम में ज्यादा एहतियात बरतने की सलाह दी जा रही है।

# सराय अकिल के वार्ड नंबर 11 में बन रही सड़क का नगर वासियों ने खोली पोल

खबर उत्तर प्रदेश के जनपद कौशांबी के नगर पंचायत सराय अकिल से हैं जहां नगर पंचायत सराय अकिल के वार्ड नंबर 11 में सड़क का निर्माण करवाया जा रहा था नगर वासियों ने जब इसकी जांच की तो सड़क में लगाए जा रहे मसाले में गिट्टी तो नाममात्र की भी नहीं थी और बालू और सीमेंट का लेप लगाकर सड़कों को तैयार किया जा रहा था इसी को लेकर नगर पंचायत सराय अकिल के सैकड़ों नगर वासियों ने मिलकर इसका विरोध करते हुए सड़क के कार्य को रुकवाया। जांच करने के बाद ही रास्ते में काम दुबारा लगाने की मांग की। वहीं नगर वासियों की शिकायत के बाद पीडब्ल्यूडी के जेई ने पहुंचकर सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान काफी खामियां भी जेई ने लोगों को जांच कर पुनः सही तरीके से सड़क का निर्माण कराने का आश्वासन दिलाया

जनपद कौशांबी के नगर पंचायत सराय अकिल के नगर वासियों के काफी मेहनत व काफी शिकघयत के बाद काफी सालों इंतजार करने के बाद नगर पंचायत सराय अकिल की तरफ से वार्ड नंबर 11 की सड़कों का निर्माण कार्य शुरू कराया गया। वही अधिशासी अधिकारी लालजी यादव ने बताया कि यह सड़क करीबन 5.26000 की लागत से बनकर तैयार होना था। वही इस सड़क को बनाने की जिम्मेदारी ठेकेदार पवन तिवारी को दी गई थी। वहीं वार्ड नंबर 11 की सड़कों पर रात में सड़क निर्माण कार्य शुरू हो गया सुबह सड़क का निर्माण कार्य हो ही रहा था कि तभी अचानक नगर वासियों ने सड़क निर्माण कार्य की जांच की तब उन्होंने देखा की सड़क में गिट्टी तो नाममात्र की भी नहीं दिख रही थी मात्र सीमेंट बालू मिलाकर सड़क का निर्माण करवाया जा रहा था वही उसके बाद सड़क के साइड में दोनो तरफ बॉक्सिंग खुले में ईट रखकर ढलाई की जा रही थी। जिसको देखकर नगर वासियों ने इसका विरोध भी किया और अधिशासी अधिकारी को नगर वासियों ने घेरा अधिशासी अधिकारी लाल जी यादव व पीडब्ल्यूडी जेई अवधेश कुमार ने पहुंच कर सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया जिसमें पीडब्ल्यूडी के जेई ने निरीक्षण के दौरान सड़क निर्माण कार्य में मापक के विपरीत कई कमियां सड़क निर्माण कार्य में बताया जैसे बॉक्सिंग में खुले ईट रखकर ढलाई करना, एवं निर्माण कार्य में तीन नंबर की ईट का उपयोग करना, सड़क निर्माण कार्य के दौरान पैथम ज्वाइन कान होना एवं 6 इंची की ढलाई में मात्र 2.5 इंची की ढलाई ही सड़क निर्माण कार्य में पाई गई जिसको लेकर पीडब्ल्यूडी के जेई ने जांच करने के बाद सड़क को पुनः सही ढंग से बनवाने का नगर वासियों को आश्वासन दिया।



# क्षेत्रीय अभिलेखागार में आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत विश्व धरोहर सप्ताह पर इलाहाबाद नागरीय विकास अभिलेख, साक्ष्य व चित्रों की प्रदर्शनी लगाई जिसे देखकर लोगों ने खुशी जाहिर किया

आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत विश्व धरोहर सप्ताह 19 से 25 नवंबर 2022 के अवसर पर अभिलेख प्रदर्शनी एवं शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन 24 नवंबर 2022 को क्षेत्रीय अभिलेखागार संस्कृति विभाग( उत्तर प्रदेश) कार्यालय प्रयागराज में हुआ जिसमें नागरिय विकास के अभिलेख, साक्ष्य आदि ऐतिहासिक महत्व के अभिलेखों की प्रदर्शनी लगाई गई जिसका उद्घाटन पी एन सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज ने बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों के बीच किया प्रदर्शनी में 19वीं सदी के उत्तरार्ध में नागरिक सुविधाओं, शिक्षण संस्थाओं ,स्वास्थ्य सेवाओं आदि के विकास की कहानी को ब्रिटिश कालीन दस्तावेजों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है 18 57 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के पश्चात जब ब्रिटिश सरकार ने ईस्ट इंडिया कंपनी के भारत भूभाग के क्षेत्रों का प्रशासन अपने हाथों में ले लिया उत्तर पश्चिम प्रांत की राजधानी को आगरा से पुनः इलाहाबाद स्थानांतरित किए जाने का प्रशासनिक निर्णय 18 58 में लिया गया जिसकी परिणति इलाहाबाद नगर को प्रांतीय राजधानी के अनुरूप विकसित किए जाने के निर्णय से हुई इस हेतु थार्नहिल के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया गया जिसने इलाहाबाद में नगरीय विकास की रूपरेखा तैयार की जे एम कनिंघम क्यूरेटर एवं सेक्रेटरी संग्रहालय एवं पुस्तकालय कमेटी के अनुरोध पर तत्कालीन कमिश्नर के विशेष सहयोग से थार्नहिल मेयो मेमोरियल हॉल (पब्लिक लाइब्रेरी) का अस्तित्व सामने आया और इस संग्रहालय एवं पुस्तकालय हेतु वर्ष 1864 – 65 में रुपया 3600६– आवंटित किए गए मेयो मेमोरियल हॉल के उद्देश्य एवं कमेटी के गठन तथा हाल का किराया से संबंधित महत्वपूर्ण अभिलेखों को प्रदर्शित किया गया है बॉयज हाई स्कूल एवं गर्ल्स हाई स्कूल से संबंधित अभिलेख भी अत्यंत रोचक है इलाहाबाद में पेयजल व्यवस्था संबंधी कार्यों से संबंधित महत्वपूर्ण अभिलेखों को भी प्रदर्शित किया गया है इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत तथा कार्यक्रम का संयोजन राकेश कुमार वर्मा,प्राविधिक सहायक एवं निर्देशन मोहम्मद मोहसिन नूरी क्षेत्रीय अभिलेख अधिकारी प्रयागराज द्वारा किया गया

इस अवसर पर प्रमुख रूप से शामिल लोगों में डॉक्टर संध्या सिंह सहायक निदेशक पत्राचार, श्यामसुंदर सिंह पटेल वरिष्ठ समाजसेवी एवं कारगिल युद्ध विजेता ,नारायण सिंह पटेल ,श्रीमती राजश्री पांडे सुमन यादव ,मुक्ता त्रिपाठी ,दुर्गेश पांडे ,हरीश चंद्र दुबे, डॉ साकिरा तलत ,विकास यादव, रोशन लाल, मोहम्मद शफीक आदि कई लोग उपस्थित रहे छात्र–छात्राओं ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया इस अवसर पर मुख्य अतिथि पी एन सिंह ने प्रदर्शनी की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रदर्शनी में अद्भुत पत्रों ,चित्रों व अभिलेखों का संग्रह कर इसका प्रदर्शन आमजन के लिए ज्ञानवर्धक व प्रसन्नता दायक है इसकी जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है सभी आयोजक बधाई के पात्र हैं कहा ,अंत में सभी का धन्यवाद ज्ञापन श्याम सुंदर सिंह पटेल व राकेश कुमार वर्मा ने किया और प्रदर्शनी देखने का सिलसिला जारी रहा



# पार्टी के पदाधिकारियों के साथ उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जी ने ली चाय की चुस्की

24 नवंबर प्रयागराज, चंद्रशेखर आजाद सर्किट हाउस से प्रबुद्ध सम्मेलन परेड ग्राउंड के लिए जाते वक्त प्रधान टी स्टॉल सिविल लाइन में अचानक रुक कर माननीय उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पार्टी के पदाधिकारियों के साथ चाय की चुस्की लेते हुए कहा कि हम भी चाय वाले हैं और चाय की दुकानदार विमल को शानदार चाय पिलाने के लिए आभार व्यक्त करते हुए उसका हालचाल पूछा और उसके साथ फोटो खिंचवाई जिस पर दुकानदार विमल का खुशी का ठिकाना ना रहा

इस अवसर पर पार्टी के पदाधिकारी क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद्र श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष वीके सिंह ,क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता, भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी , राजेश केसरवानी,वरुण केसरवानी, पूर्व पार्षद राजू शुक्ला,रोहित पप्पू पांडे, विजय श्रीवास्तव, ने चाय का आनंद लिया



# प्रबुद्ध सम्मेलन को सफल बनाने के लिए भाजपाइयों ने झोंकी पूरी ताकत

24 नवंबर प्रयागराज, भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज महानगर के अध्यक्ष गणेश केसरवानी के नेतृत्व में भाजपाइयों ने अपनी पूरी ताकत झोंकी इस अवसर पर सम्मेलन के मंच पर आते ही माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने घंटा घड़ियाल और शंखनाद करते हुए उनका अभिनंदन किया इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने संचालन करते हुए माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बृजेश पाठक सांसद केसरी देवी पटेल सांसद रीता बहुगुणा जोशी भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य लक्ष्मण आचार्य क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद्र श्रीवास्तव सहित मंच पर उपस्थित सभी विधायक महापौर विधान परिषद सदस्य एवं जिला पंचायत अध्यक्ष वीके सिंह जी का स्वागत किया और कहा कि इस सफल सम्मेलन से भारतीय जनता पार्टी कि सरकार के द्वारा किए



गए जन कल्याणकारी कार्य का संदेश प्रबुद्ध वर्गो के द्वारा जन जन तक जाएगा जिसका व्यापक असर समाज में दिखाई देगा इस अवसर पर उन्होंने सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और प्रयागराज महानगर के सभी बुद्धिजीवियों के प्रति आभार जताया मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर भाजपा महानगर के सभी मंडलों से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के आगमन पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता शशि वार्षणेय रणजीत सिंह राजेंद्र मिश्र कुंज बिहारी मिश्रा, पार्षद किरन जायसवाल, वरुण केसरवानी राजेश केसरवानी विवेक अग्रवाल , डॉक्टर सुशील सिन्हा कुमार नारायण ,राजू पाठक गिरजेश मिश्रा राघवेंद्र सिंह, सचिन जायसवाल, सुभाष वैश्य, राजन शुक्ला, शुभम बाला अजय अग्रहरि सत्या जायसवाल आशीष जायसवाल, गोपाल शर्मा, ने स्वागत किया

और शंखनाद के संग अभिनंदन करने वालों महिला कार्यकर्ता क्षमा दुबे ,कल्पना शर्मा ,पार्षद किरन जायसवाल, मंजूषा सिंह, शिखा रस्तोगी, पार्षद कुसुमलता गुप्ता मालती केसरवानी आदि रहे

# थाना मेजा पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार कर कब्जे से 05 अबैध देशी बम बरामद।

मेजा |प्रयागराज |वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज शैलेश कुमार पाण्डेय द्वारा अपराध व अपराधियो के विरुद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक यमुनापार सौरभ दीक्षित व सीओ मेजा विमल किशोर मिश्र के निर्देश व प्रभारी निरीक्षक थाना मेजा ज्ञानेश्वर मिश्र के कुशल नेतृत्व में गठीत पुलिस टीम उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार सिंह चौकी प्रभारी कोहडार व पुलिस टीम द्वारा 01वारन्टी अभियुक्त उमेश कुमार निषाद पुत्र किशुन पाल निषाद निवासी ग्राम इसौउटा थाना मेजा जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार कर कब्जे से 05 देशी बम बरामद कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी |अरुण मित्र समाचार पत्र व दैनिक आशा प्रहरी समाचार से धनजी सिंह व पवन कुमार गुप्ता।

**श्री पूजनीय मंडलेश्वर श्री नित्य राम गोपाल दास जी सूबेदार गंज श्री भुनेश्वर मंदिर में ईवचन करते हुए ईयागराज जेजे न्यूज संजय यादव**



# नसीर उद्दीन राईन की गिरफ्तारी से सपाईयों नाराजगी



फूलपुर प्रयागराज समाजवादी पार्टी के निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष नसीर उद्दीन राईन को फूलपुर कोतवाली इन्स्पेक्टर वा चौकी इंचार्ज दुर्गेश राय वा कई सिपाहियों को लेकर उनके आवास पर बुधवार शाम से ही गिरफ्तार कर नजरबंद कर दिया उनको भय था की सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्रयागराज आगमन पर सपाई विरोध प्रदर्शन ना करें इसके लिए नसीर उद्दीन राईन को बुधवार शाम सात बजे से ही उनके आवास पर दरोगा – सिपाही पहुंच कर होम अरेस्ट कर लिया उनकी गिरफ्तारी सुनकर समाजवादी पार्टी के कई नेता उनके आवास पहुंचकर गिरफ्तारी का विरोध किया इस मौके पूर्व विधायक मुज्तबा सिद्दीकी ने कहा कि प्रदेश वा के केन्द्र में छात्र नौजवान बेरोजगारी से आत्म हत्या कर रहे हैं वहीं बेटियो के साथ बलत्कार आम बात हो गई और ये जुल्मी आततायी सरकार में छात्रों, नौजवानों, किसानों, व्यापारियों, महिलाओं, अल्पसंख्यकों, दलितों, के उपर लगातार जुल्म कर रही है और सपाईयों की आवाज दवा रही है अब समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता रोड पर उतरकर जुल्मी सरकार के खिलाफ आवाज उठाती रहेगी इस दौरान क्षेत्र पंचायत सदस्य परवेज आलम,रंगी लाल यादव,विरेन्द्र यादव,जिशान सिद्दीकी, मुराद मंसूरी, वाजिद तुफानी, इरफान सिद्दीकी,अमर सिंह यादव,रोशन राईन,सलीम अहमद सिद्दीकी, आदि लोग मौजूद रहे।

## प्रयागराज झूसी स्थित मान्टेसरी स्कूल के बच्चों को नगर निगम के स्वच्छता ब्रान्ड एम्बेसेडर राजेन्द्र कुमार तिवारी दुकानजी



प्रयागराज झूसी स्थित मान्टेसरी स्कूल के बच्चों को नगर निगम के स्वच्छता ब्रान्ड एम्बेसेडर राजेन्द्र कुमार तिवारी दुकानजी ने स्वच्छता एवं पालिथिन के प्रति जागरूक करतें हुयें बच्चों से कहा स्वच्छता को मजबूरी नहीं संस्कार मे लाये अपने घर पर बताये आप अपने अम्मी पापा से कहे घर पर दो डस्टबिन रखे एक मे सूखा कुडा दूसरे मे गिला कुडा अलग अलग डाले सूबह नगर निगम की गाडी आने पर उन्हे घर का कूड़ा दे उसे सड़क गली के आसपास न डाले जिससे हमारा मोहल्ला साफ स्वच्छ बना रहे साथ ही पापा से कहे पालिथिन का इस्तेमाल न करे उसके स्थान पर कपड़े के थैले का प्रयोग करे घर पर कोई भी कार्यक्रम जैसे जन्मदिन पार्टि हो तो प्लास्टिक थर्माकोल के बने ग्लास पत्तल कप के स्थान पर कागज के कप ग्लास पत्तल और मिट्टी के बने कुल्हण का हि प्रयोग करे पालिथिन से अनेको प्रकार की बिमारी फैलने उसमे गर्म चिज लाने पर वो स्लो प्वाइजन का काम करता जिसके सेवन करने पर अनको प्रकार की बिमारी जन्म लेती है बच्चों आप सब स्कूल के अन्दर या बाहर जो भी चीज खरिद कर खाते है उसके रैपर जो भी फेंकने वाली चिज को ईधर उधर न फेके उसे स्कूल में रखे सड़क पर रखे डस्टबिन में डाले अगर कोई दुसरा कोई चीज फेके सड़क पर उसे आप अंकल आन्टी कह कर उसे डस्टबिन में डालने को कहे जिससे हमारे गली मोहल्ले साफ स्वच्छ बने रहे आप गंगा स्नान करने अपने घर के माता पिता के साथ जाते हैं तो अगर घर के पूजा मे बचे माला फूल हवन सामग्रि या अन्य कोई भी सामग्री जैसे पुरानी पूजा आरती की पुस्तके खन्डीत मूर्ती या कोई भगवान की तस्वीरें मम्मी पापा चाचा चाची गंगा मे डालने के लिये ले जाते है तो आप उन्हे मना करे ईसे गंगा मे न डाले ईससे गंगा मे प्रदूषण फैलता है उसमें पल रहे जीव जन्तु के खाने से मर जाते है उसे गमले मे या कही गड्ढा कर उसमे दबा दे अब आप को ही आगे बढना है आप का जन्मदिन होता है तो या आप किसी दोस्त के जन्मदिन बर्थ डे पर जाते है दोस्त को फूल की बुके देते है उसके स्थान पर आप एक पेड़ दे जिसे वो लगाये पेड़ लगाने से हम सब को स्वच्छ वायू शुद्ध वायू आक्सीजन मिलता है जिससे हमे सांस लेने में कोई तकलीफ नहीं होती है अब कहो हम सब का नारा है शहर को स्वच्छ बनाना है

# करेली पावर हाउस खंड 2 गौस नगर एरिया में चला विद्युत विभाग का बकाया अभियान

प्रयागराज करेली पावर हाउस खंड 2 गौस नगर एरिया में चला विद्युत विभाग का बकाया अभियान अवर अभियंता खंड 2 के रजनीश कुमार ने बताया कि इस अभियान के तहत विद्युत विभाग से जुड़े कर्मियों ने विभिन्न क्षेत्रों में घूम–घूम कर बकाया बिल वसूली और भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने की प्रक्रिया भी निरंतर चल रही है। उन्होंने बताया कि कई उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन बकाया बिल जमा नहीं करने के कारण काटे दिए गए हैं। वैसे उपभोक्ता जिनका बकाया है उन उपभोक्ताओं के बिल जमा नहीं होने पर कनेक्शन काटे जा रहे हैं। विभागीय निर्देशानुसार लगातार यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि सभी बकायेदार किसी भी परेशानी से बचने के लिए शीघ्र ही बकाया बिल की राशि जमा कर दें। घूम घूम कर बकाए का बिल वसूली की जा रही है। उन्होंने उपभोक्ताओं से कहा कि समय पर बिजली बिल का भुगतान कीजिए, ताकि बिजली अवरुद्ध न हो। अन्यथा कनेक्शन काट दी जाएगी। यही नहीं बिल का भुगतान नहीं करने पर कंपनी को ब्याज के साथ रुपये देना होगा या कानूनी कार्रवाई भी हो सकती है।



## सम्पादकीय

# प्रौद्योगिकी ने दुनिया ही नहीं

प्रौद्योगिकी ने दुनिया में विकास की परिभाषा को बदल कर रख दिया है। वर्तमान में जो देश तकनीक के मामले में जितना विकसित है, उसे उतना ही सशक्त माना गया है। इसके विकास ने न केवल देश, बल्कि इंसानों के जीवन में भी क्रांतिकारी परिवर्तन ला दिया है। हमारे देश में तकनीक के विकास का सबसे जबर्दस्त प्रभाव ग्रामीण क्षेत्रों में देखने को मिल रहा है। विशेषकर नई पीढ़ी की किशोरियों के जीवन पर इसका काफी असर पड़ा है। देश में 5जी के दौर ने न केवल समय को, बल्कि किशोरियों के सपनों को भी पंख लगा दिए हैं। इस संदर्भ में निजी क्षेत्रों, विशेषकर गैर सरकारी संस्थाओं की भूमिका सराहनीय है। इनके प्रयासों से देश के उन ग्रामीण क्षेत्रों की किशोरियां भी डिजिटल रूप से सशक्त हो रही हैं, जिन्हें रूढ़िवादी विचारधारा का वाहक समझा जाता है। जहां समाज और संस्कृति के नाम पर महिलाओं को घर की चारदीवारियों में कैद रखा जाता है, उनके बचपन का गला घोंटकर शादी के बंधन में बांध देना आम बात होती है।

इस कड़ी में राजस्थान का नाम प्रमुख रूप से लिया जा सकता है, लेकिन अब डिजिटल संसाधनों की पहुंच ने इस रूढ़िवादी विचारधारा को बहुत हद तक खत्म कर दिया है। राज्य के कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्र हैं, जहां सामाजिक संस्थाएं आगे बढ़कर ग्रामीण क्षेत्रों की किशोरियों को डिजिटल रूप से सशक्त बना रही हैं। अजमेर की एक सामाजिक संस्था महिला जन अधिकार समिति में चल रहे टेक सेंटर ने अलग–अलग कार्यक्रमों के जरिये अब तक जिले के ग्रामीण क्षेत्रों की करीब 2,000 से भी अधिक किशोरियों को डिजिटली शिक्षित किया है। इन कार्यक्रमों में डिजिटल किशोरी बने सक्षमदृकंप्यूटर लर्निंग कार्यक्रम, ग्रासरूट्स जर्नलिज्म एवं ईच वन टीच टेन–मोबाइल लर्निंग जैसे महत्वपूर्ण कोर्स शामिल हैं। इस संबंध में सेंटर की युवा प्रशिक्षक मेरी सदुमहा और कामिनी कुमारी बताती हैं कि ये सभी कोर्स तकनीक लर्निंग के साथ ही स्त्रियों के सशक्तीकरण पर आधारित हैं, जिसमें लड़कियां न सिर्फ तकनीकी ज्ञान हासिल करती हैं, बल्कि अपने बारे में फैसले लेने में और अपने अधिकारों के बारे में भी सीखती हैं। इस संबंध में सेंटर पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रही पदमपुरा गांव की 19 वर्षीय माया गुर्जर बताती हैं, श्संस्था द्वारा पत्रकारिता कोर्स के लिए मुझे साल 2021 में स्मार्टफोन दिया गया था। यह पहली बार था, जब मैंने किसी फोन को इतने करीब से छूकर देखा और उसे चलाया था। उस समय मुझे ऐसा लगा, मानो मैं एक नई दुनिया से जुड़ गई हूं।श माया अपने गांव में महिला जन अधिकार समिति द्वारा चलाए जा रहे सखी सेंटर की प्रभारी है। माया की ही तरह अजमेर शहर से करीब 12 किमी दूर अजयसर गांव की रहने वाली 18 वर्षीय मोनिका और मंजू भी सखी सेंटर को संभालती हैं। मोनिका बताती हैं, श्सेंटर से मिलने वाले पैसों से मैंने अपने लिए किस्तों पर एक स्कूटी खरीदी है। और अब मैं आसानी से कॉलेज जाती हूं और कहीं भी आ–जा सकती हूं। संस्था ने नौ सखी सेंटर शुरू किए हैं, जहां किशोरियों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के लिए पुस्तकें, लाइब्रेरी और टेबलेट्स व इंटरनेट कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। बीच–बीच में लड़कियों के लिए जीवन कौशल, स्वास्थ्य, पर्यावरण आदि विषयों पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, ताकि उन्हें सभी स्तरों पर ज्यादा से ज्यादा जागरूक किया जा सके। महिला जन अधिकार समिति की संस्थापक सदस्य इंदिरा पंचोली बताती हैं कि जिन गांवों में लड़कियों के लिए फोन के इस्तेमाल पर पाबंदी हो और आर्थिक दंड की व्यवस्था हो, वहां डिजिटल संसाधन पूरी तरह लड़कियों के नियंत्रण में देना संस्था के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण था। वहां इस प्रकार के सेंटर खोलना पितृसत्ता समाज को चुनौती देने के बराबर था, लेकिन इन लड़कियों की अपने जीवन में आगे बढ़ने की आशाओं और चुनौती से जूझने की हिम्मत के कारण ही ये सेंटर सफलतापूर्वक चल पाए हैं। बहरहाल, इन ग्रामीण किशोरियों ने न केवल डिजिटल साक्षरता के महत्त्व को समझा, बल्कि उसे अपने जीवन में भी अपनाया और आज इसी के बलबूते पर ये न केवल अपना खर्च स्वयं उठा रही हैं, बल्कि परिवार की भी मदद कर रही हैं।

# हिमालय को पहुंचे नुकसान और नदियों के रास्ते अवरुद्ध करने के नतीजे.....

नवंबर, 2022 के दूसरे सप्ताह में उत्तराखंड, दिल्ली एनसीआर, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, नेपाल और उत्तर पूर्व के राज्यों में आठ छोटे–बड़े भूकंप आए हैं। वैसे तो भूकंप इस क्षेत्र में आते रहते हैं और पिछले 30 वर्षों में तीन दर्जन से अधिक बार भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। लेकिन पिछले एक दशक में 12 ऐसे भूकंप आए हैं, जिनकी रिक्टर स्केल पर तीव्रता 4.5 से अधिक मापी गई है। वैज्ञानिक बताते हैं कि हिमालयी क्षेत्र में इंडियन प्लेट हर साल पांच सेंटीमीटर यूरेशियन प्लेट की ओर खिसक रही है। इसकी वजह से बार–बार भूगर्भिक हलचल जारी रहेगी, जिसके चलते नेपाल, उत्तराखंड, हिमाचल, जम्मू–कश्मीर जैसे हिमालयी क्षेत्रों में भूकंप के झटके आते रहेंगे। भारत के अन्य राज्यों में भी भूकंप से बहुत तबाही हुई है, लेकिन हिमालयी क्षेत्र में बार–बार आ रहे भूकंप के झटकों को समझना बहुत जरूरी है। यहां के संवेदनशील ढालदार ऊंचे पर्वतों, ग्लेशियरों, नदियों को बहुत नुकसान पहुंचने वाला है, क्योंकि भूकंप के झटकों से हिमालय क्षेत्र में जगह–जगह दरारें आ गई हैं। भू–वैज्ञानिकों ने पूरे हिमालय क्षेत्र को बाढ़,



भूकंप और भूस्खलन के लिए संवेदनशील बताकर इसको जोन 4–5 में रखा है। लेकिन फिर भी कोई सावधानी नहीं है।

1991 के भूकंप के बाद बंदरपूंछ से लेकर गंगोत्री, यमुनोत्री, बद्रीनाथ, केदारनाथ, पिथौरागढ़ से नेपाल की पर्वत शृंखलाओं में दरारें आई हैं। हिमालय पर पड़ रही इस दोहरी मार को बढ़ाने वाले ऐसे कई विनाशकारी कारण हैं, जिससे इस क्षेत्र के लोग ही नहीं, बल्कि मैदानी क्षेत्रों में रहने वाले करीब 40 करोड़ से अधिक लोग हर वर्ष प्रभावित हो रहे हैं। इसका कारण है कि हिमालय की छोटी व संकरी भौगोलिक संरचना को नजर अंदाज करके बहुमंजिला इमारतों का निर्माण, सड़कों का अंधाधुंध चौड़ीकरण, वनों का कटान, विस्फोटों का इस्तेमाल करके सुरंग आधारित परियोजनाओं के निर्माण से हिमालय में बाढ़ एवं भूस्खलन को न्योता दिया जा रहा है। क्योंकि ऐसे भारी निर्माण कार्य ज्यादातर भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में हो रहे हैं।

पहले लोग भूकंप रोधी घर बनाने के लिए दीवारों पर चारों ओर लकड़ी के सिलपरों को जोड़कर लगाते थे। लेकिन अब सीमेंट कंकरीट के प्रयोग के कारण ऐसी पुश्तैनी भवन निर्माण कला को नुकसान पहुंचा है। ऐसी स्थिति में हिमालयी राज्यों की सरकारों को तत्परता से अपने–अपने क्षेत्र के विकास के स्थिर मॉडल तैयार करने पड़ेंगे। भारत के हिमालयी राज्य ऐसी अल्पाइन पट्टी में पड़ते हैं, जिसमें भूकंप आते रहते हैं। पिछले चार दशकों में वैज्ञानिकों ने दिल्ली समेत देश के हिमालयी राज्यों के भवनों की ऊंचाई को कम करने, अनियंत्रित खनन रोकने, पर्यटकों की आवाजाही नियंत्रित करने, घनी आबादी के बीच जल निकासी आदि पर कई रिपोर्ट जारी की है, लेकिन काफी लापरवाही बरती जा रही है। प्राकृतिक आपदा के समय तात्कालिक चिंता ही सामने रहती है। उसके बाद बचाव के सारे दृष्टिकोण भुला दिए जाते हैं। बार–बार कहा रहा है कि पिछली बार की तरह नेपाल में 7.9 रिक्टर स्केल का भूकंप फिर आ सकता है। इस कारण हिमालय शृंखला में हर 100 किलोमीटर के क्षेत्र में उच्च क्षमता के भूकंप आते रहेंगे। लगातार भूकंप के कारण सवाल खड़ा हो रहा है कि हिमालयी संवेदनशीलता के चलते इससे बचने के लिए उपाय क्यों नहीं किए जा रहे हैं। दुनिया में जहां ब्रिक्स, सार्क और जी–20 के नाम पर कई देश मिलकर हर बार कुछ नई बातें सामने लाते हैं, क्यों नहीं नेपाल, भारत, चीन, अफगानिस्तान, भूटान, जापान आदि देश मिलकर हिमालय को अनियंत्रित छेड़छाड़ से बचाने की सोच विकसित करते हैं। छेड़छाड़ रोककर बहुत–सी जिंदगियों को बचाया जा सकता है। जिस तरह से हिमालय की प्रकृति को मौजूदा विकास ने नुकसान पहुंचाया है, नदियों के रास्ते अवरुद्ध कर दिए, उसमें आमूलचूल परिवर्तन करने की आवश्यकता है।

# काशी तमिल संगमम तमिलनाडु की राजनीति में प्रवेश

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का काशी तमिल संगमम तमिलनाडु की राजनीति में प्रवेश का साहसिक कदम है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के बहुत आक्रामक भाषणों से तमिलनाडु में विवाद पैदा हो गया, जिसमें कहा गया कि भगवान शिव के मुख से जो दो भाषाएं निकलीं, वे संस्कृत और तमिल थीं। काशी की घटना ने द्रमुक को झकझोर कर रख दिया है। भाजपा बहुत आक्रामक तरीके से तमिल सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ा रही है, जिसने द्रमुक सहयोगियों को मुश्किल में डाल दिया है।

बनारस में नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए काशी तमिल संगमम का हजारों किलोमीटर दूर तमिलनाडु की राजनीति पर खासा प्रभाव पड़ा है। उस समारोह में मोदी के भाषण ने हिंदुत्व की भावनाओं को जगाया, क्योंकि उन्होंने तमिल महाकाव्यों का उल्लेख किया। यह संगमम आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हुआ। तमिलनाडु के विभिन्न पीठों के 15 महंत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ बैठे थे। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी ने इन महंतों के आगे माथा टेका। ये वीडियो और तस्वीरें तमिलनाडु में वायरल हो गईं।

इसके अलावा, तमिलनाडु के सभी जिलों से 2,500 स्कूलध्कॉलेज के छात्र आईआईटी, मद्रास और बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के सहयोग से तीन विशेष ट्रेनों में बनारस पहुंचे। बॉलीवुड संगीतकार इलैयाराजा ने रुद्रम से छंद लेकर आर्केस्ट्रा का प्रदर्शन किया। बनारस के इस समारोह और प्रधानमंत्री मोदी के भाषण को सभी तमिल न्यूज चौनलों ने लाइव प्रसारित किया। अलग–अलग राज्यों के लिए भाजपा अलग–अलग रणनीति अपनाती है।

उत्तर प्रदेश में राजनीतिक रूप से निपटने के लिए उसने बुलडोजर चलवा दिया, तो महाराष्ट्र, दिल्ली और पश्चिम बंगाल में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का इस्तेमाल किया। झारखंड के लिए इसने अलग तरीका अपनाया। तेलंगाना में भाजपा तेलंगाना राष्ट्र समिति के प्रमुख के चंद्रशेखर राव पर हमलावर हो गई। लेकिन तमिलनाडु में पैठ बनाने के लिए भाजपा और उसके नेताओं ने तमिल भाषा और संस्कृति को अपनाया। और इसका लाभ भी भाजपा को मिल रहा है।

भाजपा की श्दक्षिण की ओर देखोश नीति आक्रामक होने वाली है, क्योंकि हैदराबाद राष्ट्रीय कार्यकारिणी में लिए गए फैसले भी लाभ दे रहे हैं। दूसरी ओर, भाजपा विरोधियों की स्थिति तमिलनाडु में बहुत ही निराशाजनक दिखाई देती है। जैसे कि द्रमुक आंतरिक कलह में फंसी है और उसके हर नेता अलग–अलग विचार प्रकट कर रहे हैं, जिनसे तमिल राजनीति भ्रमित हो रही है। छह महीनों में मोदी ने चार बार तमिलनाडु का दौरा किया है। अमित शाह दक्षिणी राज्यों के किसी भी दौरे में तमिलनाडु के किसी एक जिले में जरूर जाते हैं।

45 केंद्रीय मंत्री तमिलनाडु के एक से दूसरे जिले का दौरा कर रहे हैं। वर्ष 2019 में भाजपा ने पूर्वी राज्यों की तरफ ध्यान केंद्रित किया, तो वहां से उसे 25 सांसद मिले। वर्ष 2024 के लिए भाजपा दक्षिणी राज्यों को लेकर उत्सुक है। इसी वजह से भाजपा के केंद्रीय मंत्री तमिलनाडु में घूम रहे हैं। तमिलनाडु की राजनीति अब एक दिलचस्प मोड़ ले रही है और एक दूसरे के खिलाफ तीखी आलोचनाएं की जा रही हैं। कभी मोदी को काले झंडे दिखाए गए थे, लेकिन अब वह स्थिति नहीं है।

अन्नाद्रमुक गुटबाजी और कानूनी मुद्दों को लेकर गहरे संकट में फंसी है। जयललिता के बाद उनकी पार्टी तीन या चार खेमों में बंट भी गई है। अन्नाद्रमुक की तुलना शिवसेना से की जा सकती है, जिसके दोनों गुट चुनाव चिह्न के लिए लड़ रहे हैं। एमजीआर और जयललिता का प्रिय चुनाव चिह्न दो पत्तियां था। पार्टी के विभिन्न गुट इस चुनाव चिह्न पर दावा कर रहे हैं, जिससे इस चुनाव चिह्न का अस्तित्व संकट में पड़ गया है। शिवसेना और अन्नाद्रमुक, दोनों चुनाव आयोग से राहत चाहती हैं।

कहने की जरूरत नहीं




कि भाजपा द्वारा इन दोनों दलों की कलाई मरोड़ने की अनदेखी नहीं की जा सकती। यदि विपक्षी दलों की राजनीति निराशाजनक है, तो तमिलनाडु में सत्ताधारी दल द्रमुक की राजनीति भी बेकार है। एमके स्टालिन और दुरई मुरगन के बयान चौंकाने वाले हैं। द्रमुक महासचिव दुरई मुरुगन ने एक सार्वजनिक बैठक में स्वीकार किया कि तमिलनाडु में भाजपा की बढ़ती पैठ द्रविड़ संस्कृति के लिए अच्छी बात नहीं है। द्रमुक वंशवाद के मुद्दों से जूझ रही है।

इसके नेता स्टालिन का कहना है कि उन्हें नींद नहीं आती, क्योंकि पार्टी के नेता अलग–अलग विचार व्यक्त करते हैं और द्रमुक दिग्गजों के बीच व्यक्तित्व संघर्ष जारी है। स्टालिन ने द्रमुक कैडरों को अपने नाजुक स्वास्थ्य के बारे में भी बताया। उनके इस बयान से द्रमुक सहयोगियों में कोई अच्छा संदेश नहीं गया। द्रमुक के वरिष्ठ मंत्री उपेक्षित महसूस करते हैं। स्टालिन के बेटे का प्रभाव युवा मंत्रियों पर ज्यादा है। धीरे–धीरे स्टालिन अपने पुत्र उदयनिधि को पार्टी के साथ सरकार में भी शामिल कर रहे हैं, जिससे पुराने नेताओं में बहुत ज्यादा असंतोष है।

2024 का लोकसभा चुनाव और 2026 का विधानसभा चुनाव द्रमुक के लिए परीक्षा की घड़ी होंगे। भाजपा ने तमिल संस्कृति, तमिल भाषा और तमिल पहुंच को प्रेरित करने के लिए द्रमुक शैली की रणनीति तैयार कर तीन कोणों से द्रमुक को घेर लिया है। भाजपा ने द्रमुक से तमिल छीनकर तमिल भाषा को अपने पाले में कर लिया है। इसने स्टालिन के तीन प्रमुख सहयोगी दलों–वीसीके, सीपीएम और कांग्रेस को झकझोर दिया है। द्रमुक सहयोगी चाहते हैं कि तमिलनाडु में भाजपा की पैठ पर अंकुश लगाया जाए।

तमिलनाडु के मतदाता मुफ्त उपहार, ईंधन की कीमतों में कमी, हर महिला के लिए 1,000 रुपये और द्रमुक के कई अन्य चुनावी वादों को पूरा न करने के चलते ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। स्टालिन ने खुले तौर पर स्वीकार किया कि केंद्र द्वारा जीएसटी फंड जारी न करने के कारण वह ऐसे वादों को पूरा करने में असमर्थ हैं। जयललिता और करुणानिधि जैसे दिग्गज अब तमिल राजनीति में नहीं हैं। आध्यात्मिक राजनीति से रजनीकांत ने संन्यास ले लिया है, तो कमल हासन राजनीति में उड़ान भरने में सक्षम नहीं हैं। यही वजह है कि भाजपा राज्य की राजनीति में खाली जगह को भरना चाहती है। चाहे आप जिस भी तरफ से देखें, भाजपा के लिए सब कुछ ठीक और फायदेमंद है। उसकी श्दक्षिण की ओर देखोश नीति चमक रही है।

# 48 हजार हमलों के बाद भी नहीं मिला फूलप्रूफ सिस्टम

दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के ई–हॉस्पिटल सर्वर पर साइबर हमला हुआ है। दो दिन बाद भी स्थिति संभल नहीं पा रही है। ये हालत तो तब हैं, जब यह हमला केवल एक ही संस्थान पर हुआ है। इस हमले के चलते, एम्स में ओपीडी और नमूना संग्रह सेवाओं के अलावा अन्य सभी सेवाएं, मसलन ऑपरेशन प्रक्रिया भी बुरी तरह प्रभावित हुई है। रेनसमवेयर साइबर अटैक के चलते संस्थान का बैकअप सिस्टम भी जवाब दे गया है। सूत्रों का कहना है कि बैकअप सिस्टम को भी निशाना बनाया गया है। शुरुआती जांच में पता चला




है कि साइबर हमले में फाइलों का एक्सटेंशन ही बदल गया। 2017 में यूके के नेशनल हेल्थ सिस्टम श्एनएचएसश पर रेनसमवेयर साइबर अटैक हुआ था। करीब दो सप्ताह तक, सारा सिस्टम ठप हो गया था। मैनुअल तरीके से काम करना पड़ा। भारत में चार साल पहले तक 48 हजार से ज्यादा श्वेनाक्राई रेनसमवेयर अटैकश डिटेक्ट हुए थे। उसके बाद भी देश में साइबर अटैक से बचने का फूलप्रूफ सिस्टम तैयार नहीं हो सका है।

राष्ट्रीय सुरक्षा सहित इन क्षेत्रों पर पड़ता है असर ...

डॉ. मुक्तेश चंद्र (आईपीएस), दिल्ली पुलिस में स्पेशल सीपी के पद से रिटायर हुए हैं। उन्होंने गोवा के डीजीपी और दिल्ली में स्पेशल सीपी श्यातायातश सहित कई अहम पदों पर कार्य किया है। डॉ. मुक्तेश ने आईआईटी दिल्ली से साइबर सिक्योरिटी विषय में पीएचडी की है। उन्होंने सेवा में रहते हुए ब्रिटेन में जाकर श्चेवेनिंग साइबर सिक्योरिटी फेलोशिपश के तहत श्भारत और यूके के साइबर सुरक्षा ढांचे का तुलनात्मक अध्ययनश विषय पर रिसर्च रिपोर्ट तैयार की थी। उसके बाद डॉ. मुक्तेश के श्साइबर सिक्योरिटीश विषय पर कई लेख प्रकाशित हो चुके हैं। अपने लेख श्ए केस फॉर नेशनल साइबर सिक्योरिटी स्ट्रेट्जीश में डॉ. मुक्तेश चंद्र ने लिखा है, श्क्रिटिकल इंफॉर्मेशन इंफ्रास्ट्रक्चरश पर हुआ साइबर अटैक राष्ट्रीय सुरक्षा, अर्थव्यवस्था, जन स्वास्थ्य दूसरी अहम सेवाओं को अपनी चपेट में ले लेता है। इन सेवाओं को बहुत दुर्बलता की स्थिति में ला दिया जाता है। मौजूदा समय में साइबर सिक्योरिटी, किसी देश की श्राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीतिश का अभिन्न एवं महत्वपूर्ण हिस्सा है।

साइबर स्पेस के पांचवें डोमेन तक पहुंच गई है लड़ाई

डॉ. मुक्तेश ने बताया, हमने लंबे समय से प्रॉक्सी वॉर के एक भाग के तौर पर आतंकवाद और हिंसा को देखा है। जमीन, समुद्र, हवा और स्पेस के बाद अब वह लड़ाई, साइबर स्पेस के पांचवें डोमेन तक पहुंच गई है। रेनसमवेयर अटैक होते रहते हैं। इनमें यह देखा जाता है कि वे कितने क्रिटिकल होते हैं। हालांकि यह पता लगाना बहुत मुश्किल होता है। 2017 में ब्रिटेन के नेशनल हेल्थ सिस्टम, पर हुए अटैक ने पूरी दुनिया को हिलाकर रख दिया था। यहां तक कि बैकअप डाटा को भी संक्रमित करने का प्रयास किया गया। केवल मुख्य सिस्टम ही नहीं, बल्कि बैकअप भी रेनसमवेयर अटैक का निशाना बनता है। ऐसे हमले के बाद दोबारा से सभी मशीनों को लोड करना पड़ता है। कई बार रेनसमवेयर के तहत बिटक्वॉइन या क्रिप्टो करेंसी में डिमांड भी आती है। पांच साल बाद अगर भारत या दूसरे मुल्कों ने खुद को साइबर अटैक से बचाने के लिए कोई ठोस पहल नहीं की है तो वह चिंताजनक है।

साइबर अटैक से बचने के लिए जरूरी है ये सब

साइबर अटैक से बचने के लिए श्साइबर हाइजीनश की प्रक्रिया अपनानी होती है। संस्थान कोई भी हो, वहां पर डाटा बैकअप रोजाना लें। साइबर डिजास्टर मैनेजमेंट, जिसकी एक पूरी ड्रिल होती है, इसके प्रति हर विभाग, संस्थान या कंपनी को अवगत कराया जाए। ये सब तैयारी पहले से ही करनी पड़ती है। क्या एम्स के पास यह सब प्लान था, ये भी एक सवाल है। ये तो केवल एक एम्स पर साइबर हमला हुआ है। अगर दूसरे एम्स, बड़े सरकारी अस्पताल व प्राइवेट संस्थान भी आपस में लिंक हों और तब साइबर अटैक हो जाए, तो उस दौरान की भयावह स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। साइबर क्राइम का दायरा, जिस तेजी से बढ़ रहा है, वैसे ही हमें खुद की सुरक्षा बढ़ानी होगी।

पांच सौ करोड़ रुपये तक के जुर्माने के प्रावधान

पेनल्टी सिस्टम को जल्द से जल्द लागू करना होगा। केंद्र सरकार के श्डिजिटल पर्सनल डाटा प्रोटेक्शन बिलश में यह प्रावधान किया जा रहा है कि इस तरह के हमले की स्थिति में संबंधित संस्था पर पांच सौ करोड़ रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। इस बिल में संस्थान की एक जिम्मेदारी तय की गई है। साइबर सुरक्षा के लिए एक मजबूत तकनीक अपनानी होगी। इसके लिए बड़े पैमाने पर रणनीति बनाने की जरुरत है। भारत में कई एजेंसी, साइबर अटैक पर काम कर रही हैं। बेहतर होगा कि यह जिम्मेदारी किसी एक संस्था को सौंपी जाए। एम्स पर हुए साइबर अटैक के बाद हमें अपनी नेशनल साइबर सिक्योरिटी रणनीति की घोषणा करना चाहिए।

तीन घंटे में 14 हजार एटीएम से निकाले 1.4 बिलियन येन

इंडियन कंम्यूटर इमरजेंसी रेस्पोंस टीम ने 2016 में साइबर सुरक्षा में सेंध लगाने के 50362 मामले हैंडल किए थे। 31664 से ज्यादा भारतीय वेबसाइट विरूपित हो गई थीं। सिस्टम को संक्रमित बनाने वाले लगभग 10020947 बोट, ट्रैक हुए थे। 2013 में साइबर क्राइम के चलते 24,630 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। 2016 में हैकर्स ने मात्र तीन घंटे में जापान के 14 हजार एटीएम से 1.4 बिलियन येन, निकाल लिए थे। साउथ अफ्रीका के एक बैंक से डाटा चुराकर नकली क्रेडिट कार्ड तैयार किए गए। डेढ़ दशक पहले यूरोप के एस्टोनिया और वहां की संसद पर प्रभाव डालने के लिए बड़े स्तर पर श्क्रिटिकल इंफॉर्मेशन इंफ्रास्ट्रक्चरश को निशाना बनाया गया। वहां पर तीन सप्ताह साइबर हमलों का असर देखने को मिला। इरान का न्यूक्लियर पावर प्लांट, स्टक्सनेट वायरस से ग्रसित हो गया। यूक्रेन की पावर कंपनियां भी साइबर अटैक से नहीं बच सकी। श्शूमनश वायरस ने सऊदी अरब की फर्म श्अरामकोश के 30 हजार से ज्यादा कंप्यूटरों को संक्रमित कर दिया था। बतौर डॉ. मुक्तेश चंद्र, 2019 तक श्वेनाक्राईश रेनसमवेयर ने दुनिया के डेढ़ सौ से अधिक देशों के 230000 कंप्यूटर को संक्रमित कर दिया था।

साइबर स्पेस में घुसने की ताक में श्आईएसआईएसश भी

ब्रिटेन की नेशनल हेल्थ सर्विस, स्पेन की टेलीफोनिका फेडेक्स और यूएस श्क्रिटिकल इंफ्रास्ट्रक्चर आपरेटरश आदि भी रेनसमवेयर की चपेट में आ चुके हैं। भारत में चार साल पहले तक 48 हजार से ज्यादा श्वेनाक्राई रेनसमवेयर अटैकश डिटेक्ट हुए थे। विभिन्न तरह के हैकर समूह, भारतीय स्पेस में सेंध लगाने का प्रयास करते रहते हैं। भारत के एनर्जी सेक्टर, ट्रांसपोर्टेशन (एयर, सरफेस, रेल एंड वाटर), बैकिंग, वित्त, टेलीकम्युनिकेशन, डिफेंस, स्पेस, लॉ एनफोर्समेंट, सिक्योरिटी, इंटेलिजेंस, सरकार के संवेदनशील संगठन, जन स्वास्थ्य, वाटर सप्लाई, डिस्पोजल, क्रिटिकल मैन्युफैक्चरिंग व ई–गवर्नेंस आदि को साइबर हमलों से बहुत ज्यादा चौकसी बरतनी पड़ती है। आतंकी संगठन श्आईएसआईएसश भी साइबर स्पेस में घुसने की कोशिश करते हैं। 2017 में यूके के नेशनल हेल्थ सिस्टम श्एनएचएसश पर रेनसमवेयर साइबर अटैक हुआ था। करीब दो सप्ताह तक, सारा सिस्टम ठप हो गया था। मैनुअल तरीके से काम करना पड़ा।

# दिल्ली पुलिस के सामने नई चुनौती

श्रद्धा वालकर हत्याकांड में अभी तक पुलिस के हाथ कोई ठोस सबूत हाथ नहीं लगा है। आरोपी आफताब अमीन पूनावाला का गुरुवार को पॉलीग्राफिक टेस्ट किया जा रहा है। अब इसके बाद उसका नार्को परीक्षण भी किया जाएगा, ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं। वहीं आफताब शनिवार 26 नवंबर तक पुलिस हिरासत में है, ऐसे में दिल्ली पुलिस के सामने नई चुनौती है कि आफताब की रिमांड खत्म होने से पहले उसके सारे टेस्ट पूरे करा लिए जाएं।

इस हत्याकांड में आफताब को दोषी ठहराने के लिए पुलिस साइंटिफिक सबूतों पर ही ज्यादा निर्भर है। क्योंकि श्रद्धा का सिर अब तक पुलिस को नहीं मिला है। इसके अलावा उसके शरीर के टुकड़े भी अभी तक बरामद नहीं किए जा सके हैं। ऐसे में आफताब के सारे टेस्ट महज दो दिन में पूरे कराने ही होंगे। पुलिस को कोर्ट से किसी भी अपराधी की रिमांड 14 दिन से अधिक की नहीं मिलती है। ऐसे में शनिवार 26 नवंबर को आफताब के 14 दिन पूरे हो जाएंगे। इससे पहले कोर्ट से पुलिस को दो बार पांच–पांच और एक बार चार दिन की रिमांड मिल चुकी है। पुलिस ने भी इस मामले में एड़ी चोटी का जोर लगाया हुआ है। कई



टीमें इस मामले करीब पांच राज्यों का दौरा कर चुकी हैं।

श्रद्धा हत्याकांड के आरोपी आफताब का पॉलीग्राफ टेस्ट दिल्ली के अंबेडकर अस्पताल में चल रहा है। पुलिस की एक टीम उससे सवाल कर रही है जबकि वह पुलिस के सवालों के जवाब दे रहा है। दिल्ली पुलिस ने उससे पूछने के लिए लगभग 50 सवाल तैयार किए हैं।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार श्रद्धा का सिर मिलने की संभावना लगभग खत्म हो गई है। जबड़े का जो हिस्सा मिला है उसमें सिर्फ दांत मिले हैं। पुलिस अधिकारियों को आशंका है कि श्रद्धा के सिर को जंगली जानवर खा गए हैं और अब शायद कभी बरामद न हो सके।

# क्या है जनता के मन की बात

दिल्ली नगर निगम चुनाव (डब्ब् म्सम्बजपवद 2022) में राजनीतिक दलों ने बिसात बिछा दी है। बड़ी–बड़ी घोषणाएं कर जनता को लुभाने की कोशिश हो रही है, तो बड़े रोड शो कर अपने पक्ष में हवा बनाने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। लेकिन मतदाता ने भी अपने स्तर पर तैयारियां कर रखी हैं, उसे बहुत अच्छी तरह से पता है कि उसे किसे वोट देना है और किसकी खबर लेनी है। अमर उजाला ने इस दौरान चुनावी पंचायत आयोजित कर मतदाताओं के श्मन की बातश टटोलने की कोशिश की तो पता चला कि वह राजनीतिक दलों से हर बात का हिसाब लेने के लिए तैयार बैठा हुआ है। अमर उजाला ने सोनिया विहार (वार्ड नंबर 249) में जाकर मतदाताओं से बात की। यहां के सोनू की शिकायत है कि आम आदमी पार्टी ने चुनाव के समय इस क्षेत्र का विकास करने और स्कूल बनवाने की बात कही थी। लेकिन आम आदमी पार्टी को दिल्ली की सत्ता में आए लगभग आठ साल हो चुके हैं, लेकिन उनके क्षेत्र में विकास का कोई काम नहीं हुआ है। बारिश में सड़कों पर घुटने से ऊपर तक का पानी भर जाता है, लेकिन पानी के निकास की कोई व्यवस्था नहीं हो पाई है।

## शराब के ठेके बने परेशानी का कारण

यहीं की निवासी और भाजपा कार्यकर्ता ज्योती बताती हैं कि दिल्ली सरकार ने स्कूल देने का वादा किया था, लेकिन स्कूल नहीं खुले। उलटे उनके घर से थोड़ी ही दूर पर शराब का एक ठेका खुल गया। इससे वहां शराबियों की भीड़ रहने लगी और वहां से लोगों का, विशेषकर महिलाओं का निकलना दूभर हो गया। जनता के भारी विरोध के बाद शराब के ठेके की दुकान तो बंद हो गई है, लेकिन इससे दिल्ली सरकार के इरादों पर सवाल खड़े हो गये हैं।

## पानी–सीवर नहीं

सूरज कुमार ने कहा कि इस एरिया में सीवर लाइन नहीं है। लोग घर बनाते हैं, लेकिन गंदगी के निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। इससे आए दिन गंदगी सड़कों पर फैल जाती है और सांस लेना भी मुश्किल हो जाता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता सरकार से केवल साफ पानी और साफ सड़कें मांग रही है, लेकिन सरकारें ये देने में बुरी तरह असफल साबित हो रही हैं।

## पक्की रजिस्ट्री नहीं

प्रवीण शर्मा ने बताया कि सोनिया विहार लाखों लोगों के रहने की जगह है। यहां भारी संख्या में पूर्वांचली मतदाता रहते हैं। कालोनी कच्ची है, इसलिए इसके टूटने का खतरा हमेशा बना रहता है। लोग दिनरात इस डर में जीते हैं कि पता नहीं कब नगर निगम का बुलडोजर आ जाए और उनका घर गिरा दिया जाए। उनकी शिकायत है कि केंद्र और दिल्ली सरकार ने लोगों को पक्की रजिस्ट्री करने के लिए खूब बात की, लेकिन दोनों में समन्वय न बन पाने के कारण आज तक पक्की रजिस्ट्री कराने का रास्ता साफ नहीं हो सका। लोग चाहते हैं कि उन्हें पक्की रजिस्ट्री कराने का अधि ाकार दिया जाए, जिससे वे अपना घर गिराए जाने की चिंता से मुक्त होकर शांति से जी सकें।

## करेंगे ये काम

सोनिया विहार के अनुपम पांडेय की पत्नी सोनी पांडेय निगम चुनाव में भाजपा प्रत्याशी हैं। उनके पति और जिला भाजपा अध्यक्ष अनुपम पांडेय बताते हैं कि वे इसी एरिया के रहने वाले हैं और यहीं के लोगों के बीच उठते–बैठते हैं। यदि उनका प्रत्याशी जीतता है तो वे लोगों की समस्याएं दूर करने के लिए हमेशा यहीं उपलब्ध ा रहेंगे। वे इस इलाके में एक प्राथमिक स्कूल और प्याऊ खुलवाना चाहते हैं। दिल्ली जल बोर्ड से मिलकर यहां सीवर लाइन डलवाने का प्रयास किया जाएगा। उनका दावा है कि एरिया में साफ–सफाई की पूरी व्यवस्था कराएंगे।

## चुनाव आए तो हुई सफाई

पूर्वी दिल्ली के पांडव नगर वार्ड के मंडावली बाजार के प्रधान रोहित कुमार ने बताया कि इस पूरी एरिया में केवल एक पार्क है। लेकिन उस पर लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है और बच्चों के पास खेलने के लिए कोई जगह नहीं है। वे इसकी कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अब तक उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। साफ–सफाई के लिए निगम की टप्पर गाड़ी रोजाना आती है, लेकिन गलियों में लोगों के घरों का कूड़ा ही उठा पाती है। सड़कों पर कूड़ा बिखरा रहता है, लेकिन उसकी सफाई करने वाला कोई नहीं है। कचरा फेंकने के लिए एक ढलाव घर बनाया गया है, लेकिन आसपास के पूरे एरिया में कचरा बिखरा रहता है। ढलाव घर के पास ही एक मंदिर है, लेकिन मंदिर के आसपास भी भारी मात्रा में कचरा बिखरा रहता है। लोग पूजा करने से भी बचने लगे हैं, लेकिन यहां सफाई की कोई व्यवस्था नहीं है। अवारा गायें–कुत्ते घूमते रहते हैं, जिससे लोग इसके आसपास भी नहीं आना चाहते। मंडावली के संजीव कुमार ने बताया कि इस समय सफाई दिख रही है, लेकिन यह नगर निगम चुनाव आने के कारण हुई है। अब तक यहां कूड़ा बिखरा रहता था। मंडावली चंद्र विहार रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन हजारों लोग ट्रेन लेने के लिए गुजरते हैं, लेकिन पूरे रास्ते में कचरा बिखरा रहता है। नशेड़ियों के कारण पूरा माहौल खराब रहता है, लेकिन इस पर कोई रोक नहीं लगती।

## नागरिक भी समझें जिम्मेदारी

साकेत ब्लॉक के निवासी धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि पहले ज्यादा गंदगी रहती थी। टप्पर गाड़ियों के द्वारा हर गली से कचरा उठाने की शुरूआत होने के बाद स्थिति में बहुत सुधार हुआ है, लेकिन अभी भी साफ–सफाई को लेकर बहुत कुछ किया जाना चाहिए। इसी इलाके की सोनिया विहार सब्जी मंडी में कचरा फैला रहता है जिससे लोगों को भारी परेशानी होती है। हालांकि, वे मानते हैं कि नागरिकों के सफाई के प्रति अपनी जिम्मेदारी न समझने से किसी शहर को साफ रखना संभव नहीं है।

# वर्षो से कोटेदार के दर्शन को तरसते राशन कार्डधारक

प्रयागराज। पुराने राजशाही की ही तरह देश में कोटेदार की व्यवस्था बनी हुई है जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण प्रयागराज के नैनी स्थित एडीए कालोनी के एक कोटेदार कविता सिन्हा के बाद उसी के बेटे अभिषेक सिन्हा के नाम कोटा ट्रांसफर होना है। कविता सिन्हा के खिलाफ अनेकों शिकायतों की तरह ही अभिषेक सिन्हा के विरुद्ध भी तमाम शिकायतों के बावजूद इसके पिता हरीश सिन्हा की ऊँची पकड़ के चलते सप्लाई इंस्पेक्टर व जिला आपूर्ति अधिकारी अभिषेक सिन्हा के आगे नतमस्तक नजर आते हैं। जानकारी के अनुसार कुछ राशन कार्ड धारकों द्वारा मुख्यमंत्री से शिकायत में बताया गया है कि अपनी मां कविता सिन्हा की तरह ही अभिषेक सिन्हा भी आज तक कभी कोटे की दुकान पर नही आया लेकिन कभी कभार उसके रसूखदार पिता हरीश सिन्हा का नौकर कन्हैया लाल गुड्डू ही डमी कोटेदार बनकर दुकान के बजाय अपने घर में अंगूठा लगवाता है। क्षेत्र के कई राशन कार्ड धारकों को विगत 12 महीने से राशन व खाद्यान्न नही मिला है। तमाम महिलाएं व लड़कियाँ इस डमी के गलत हरकतों से उसके घर में अंगूठा लगाने नही जाती हैं जिससे 3 महीने बाद उनके राशन कार्ड निरस्त करा देता है।

# शराब के नशे में धुत लेखपाल ने तहसील के गेट पर मचाया तहलका



महोली तहसील में कार्यरत एक लेखपाल शराब की नसे में धुत होकर तहसील के गेट पर तहलका मचा रहा था। जिसका लोग तमाशा देख रहे थे तथा कुछ लोग इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। विडियो सोसल मिडिया पर तेजी से वायराल होने के बाद लोग बहुत ध्यान से देख रहे हैं। वहीं कहीं ना कहीं तहसील प्रशासन को घेरे में ला रहे हैं। वहीं इस वायरल वीडियो की जानकारी करने पर उप जिलाधिकारी महोली पूनम भास्कर ने बताया कि यह हरि किशोर नाम का लेखपाल है ।जो कि शासकीय कार्यों को सही तरीके से नहीं करता था जिसे कई बार हिदायत भी दी जा चुकी थी लेकिन लेखपाल की कार्यशैली फिर भी नहीं बदली जिसके चलते उसे आज सुबह ही सस्पेंड कर दिया गया। उन्होंने बताया सस्पेंड होने के बाद वह दोपहर में उसी के गम में शराब पीकर गेट के सामने इसने तहलका मचाया। साथ उप जिला अधिकारी महोली ने बताया की वह शासकीय कार्यों को ठीक ढंग से नहीं करते थे। साथ ही शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतते थे।

# वीर एकलव्य फाउंडेशन द्वारा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



सुजानगंज क्षेत्र के बौरई गांव में स्व. राम अकबाल निषाद जी की पुण्यतिथि पर फाउंडेशन द्वारा श्रद्धांजलि सभा एंव सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा आठ तक के बच्चों को शामिल किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामबचन निषाद जिला महासचिव निषाद पार्टी गरिमामय उपस्थिति ग्राम प्रधान ई, ललित यादव व भोजपुरी गायक व लेखक दिनेश कुमार जौनपुरी जी की रही, जूनियर श्रेणी (कक्षा 5 तक )की परिक्षा में उत्कर्ष यादव , ज्योति निषाद सेजल, आरूषी ,प्रतीक, आदेश निषाद अंश टापर रहे सीनियर (कक्षा 8 तक )में वीनीत निषाद ,शिवागी साक्षी, आदित्य अनुपम संजना , प्रिंस निषाद रहे सभी मेधावी छात्रों को आए हुए अतिथियों द्वारा मेडल तथा पाठ्य सामग्री देकर के सम्मानित किया गया कार्यक्रम का संचालन फाउंडेशन के संस्थापक जय सिंह निषादवंशी एडवोकेट ने किया प्रश्न पत्र जांचने की भूमिका में शैलेंद्र निषाद अमित दीपचंद अनुज आदि का सहयोग रहा एवं उत्साहित बच्चे उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता रामसकल निषाद जी ने किया तथा आए हुए अतिथियों का फाउंडेशन के अध्यक्ष ने आभार व्यक्त किया इस मौकै पर अर्जुन निषाद सनी आनन्द यादव अंकित , रूपेश आदि लोग उपस्थित रहे।


आवश्यकता है

झुग्गी झोपडी हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
एवमं
JJ News Portal
के लिये उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले
के लिए संवाददाता, पेजमेकर आपरेटर, विज्ञापन प्रतिनिधि और एजेंसी / ब्यूरो चीफ बनने हेतु सम्पर्क करे !

सम्पादक - संजय कुमार यादव
9918366626 9454084311
पता
277/129, चकिया, जगमल का हाता,
पीएनबी एटीएम के पास


# सिकरारा ब्लाक प्रमुख संजय सिंह का डोंबिवली में सम्मान

मुंबई की यात्रा पर आए सिकरारा ब्लाक प्रमुख संजय सिंह का डोंबिवली पूर्व के कल्याण शील फाटा रोड स्थित शुभारंभ हॉल में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में सम्मान किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए संजय सिंह ने कहा कि मुंबई के विकास में जौनपुर के लोगों का महत्वपूर्ण योगदान है। आज जौनपुर के अनेक लोग शिक्षा, राजनीति, मेडिकल, उद्योग जैसे अनेक प्रतिष्ठित क्षेत्रों में बड़ा योगदान कर रहे हैं। ब्लॉक प्रमुख संजय सिंह के साथ आए प्रधान सुनील सिंह (बबलू) , तथा मैन बहादुर सिंह का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम के आयोजक डॉ हेमंत मिश्र, वीरेंद्र तिवारी, प्रमोद सिंह, मदन गुप्ता, राजकुमार पाठक,पत्रकार महेश द्विवेदी, ज्ञानेश सिंह समेत अनेक गणमान्य लोग रहे। अंत में डॉ हेमंत मिश्र ने समस्त लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।



# भारतीय सर्व सेवा संगठन भूतपूर्व सैनिक इकाई के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश्वर सिंह परिहार,



साथ में संगठन के भूतपूर्व सैनिक इकाई के संभागीय अध्यक्ष प्रकाश सिंह गहरवार द्वारा दुअरा स्कूल के प्राचार्य को श्रीफल भेंटकर किया सम्मान रीवा!भारतीय सर्व सेवा संगठन भूतपूर्व सैनिक इकाई के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश्वर सिंह परिहार एवं संभागीय अध्यक्ष प्रकाश सिंह गहरवार द्वारा देवतालाब विधानसभा अंतर्गत दुअरा हाई स्कूल के सभी प्रतिभावान छात्र छात्राओं का मनोबल बढ़ाते हुए स्कूल के प्राचार्य को श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया । साथ में कमलेश्वर सिंह परिहार एवं प्रकाश सिंह गहरवार द्वारा स्कूल की तरफ से सभी तरह के खेल में ब्लॉक जिला ,संभाग मैं सेलेक्ट होने वाले सभी छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए मनोबल बढ़ाया गया। हम आपको बता दें कमलेश्वर सिंह परिहार एवं प्रकाश सिंह गहरवार द्वारा लगातार क्षेत्र के युवाओं को नशे के प्रति जागरूकता अभियान के तहत जागरूक कर रहे हैं ।साथ में देश के सभी सेनाओं मैं जाने हेतु व्यायामशाला की शाखा लगाकर क्षेत्र के युवाओं को फिजिकल एक्सरसाइज करवाने का कार्य करते हैं।

# मशहूर गायक सुरेश शुक्ला का विद्यालय में हुआ भव्य स्वागत



सुजानगंज क्षेत्र के प्रणवम् स्कूल में मुंबई के मशहूर गायक ष्उत्तर प्रदेश कला श्रीष से सम्मानित श्री सुरेश शुक्ला का भव्य स्वागत किया गया जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्रबंधक व मुंगरा बादशाहपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ० प्रमोद के. सिंह जी ने अंगवस्त्रम से स्वागत किया तथा विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। मुख्य अतिथि श्री शुक्ल ने अपने गीत के माध्यम से बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपनी मातृभाषा से विशेष लगाव होना चाहिए इसके साथ–साथ अन्य भाषाओं के बारे में भी जानकारी रखनी चाहिए। श्री शुक्ल ने शिक्षा के साथ संगीत पर भी विशेष जोर देने की बात कही क्योंकि संगीत के माध्यम से ही हम अपनी बातों को दूसरों तक आसानी से पहुंचा सकते हैं। गायक श्री सुरेश शुक्ल ने लोकगीत , कजरी , भोजपुरी गानों के साथ बच्चो के संग मस्ती में झूमे । श्री शुक्ल को उत्तर प्रदेश कला श्री सम्मान ,(महाराष्ट्र सी.एम. देवेन्द्र फडणवीस के हाथों) ,भोजपुरी संगीत गौरव (अखिल भारतीय भोजपुरी समाज) ,शिक्षक भारती कला सम्मान (शिक्षक भारती) ,सबरंग अवार्ड ,झारखंड गौरव , कजरी रत्न , बिग मैजिक गंगा चौनल द्वारा बेस्ट सिंगर अवॉर्ड से सम्मनित किया गया । अभियान संस्था द्वारा सुर साधक प्लेबैक सिंगिंग कलर्स चौनल पर बालिका वधू ,न आना इस देश मे लाडो, जी टीवी , अगले जनम मोहे बिटिया ही कीजो स्टारप्लस ,तेरे मेरे सपने दबंग चौनल ,घर संसार और भक्ति गंगा चौनल , भजमन राम चरन सुखदाई संस्कार चौनल , आपके भजन आस्था सत्संग आदि पर भजन एवं गीत गाये । कई भोजपुरी एवं हिंदी फिल्मों में संगीत भी दिया , 20 वर्षो से ढाई से तीन हजार गाने,व देश विदेश में स्टेज परफॉर्मेंस भी दिया है !कार्यक्रम का संचालन श्री दीपक तिवारी व कुलदीप पांडेय ने आभार व्यक्त किया । इस मौके पर विजय शंकर दुबे, पंकज मणि तिवारी,अजीत शर्मा,पंकज सिंह,नीता तिवारी,सुनीता सोनी,वंदना जायसवाल, सोनाक्षी,नीलम, सुरभि,अस्मिता के साथ–साथ अभिभावक गण भी मौजूद रहे।

# काव्यांजलि एक अनूठा आरंभ ने शरदोत्सव में मचाया धूम



साहित्यिक एवं सामाजिक राष्ट्रीय संस्था काव्यांजलि एक अनूठा आरंभ विश्व मंच के संस्थापक दीपक शुक्ल एवं संस्थापक सुरेश फौजदार जिगर के आयोजन एवं अध्यक्ष अंजनी कुमार द्विवेदी के मार्गदर्शन में शरदोत्सव के उपलक्ष में 1 महीने से साहित्यिक कार्यक्रम ने राष्ट्रीय पटल पर आनलाइन धूम मचा दिया है। नवंबर 2022 की इस महीने पिछले 7 तारीख से अनवरतध देश के मशहूर साहित्यकारों की उपस्थिति में एकल काव्य पाठ चल रहा है। अभी तक तहलका मचा देने वाले साहित्यकारों में राम कृपाल त्रिपाठी, प्रकाश जीवाने, सुधीर शर्मा, शरद सिंह, ओमप्रकाश सिंह, सुरेश फौजदार श्जिगरश, विकास शुक्ल कानपुर, विनय शर्मा दीप, आद. गोबिंद भारद्वाज, जयपुर,गणेश प्रसाद गौतम प्रज्ञेश, आ0 पूजा कृष्णा, गीतकार प्रमोद मिश्र षनिर्मलष, ग्रेटर नोएडा, सतीश दीक्षित किंकर, सोहन लाल शर्मा प्रेम, सुरेन्द्र कुमार शर्मा, जयपुर, एडवोकेट अशोक निर्दोष, अनिल चौधरी आदि मुख्य रूप से रहें हैं। कार्यक्रम संपूर्ण महीने चलने वाला है। राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी विनय शर्मा दीप ने इस उत्कृष्ट कार्य के लिए संपूर्ण कार्यकारिणी की सराहना की।

# हम फाउंडेशन भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष की उपस्थिति मे कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई



हम फाउंडेशन भारत मालवा प्रांत की श्रीमती कीर्ति श्रीवास्तव जिला महामंत्री जिला इंदौर के नेतृत्व में वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ कार्यकारिणी की बैठक स्थानीय आर्य समाज मंदिर में आयोजित की गई । बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय एड निशिकांत चौधारी जी, विशेष अतिथि प्रदेश सन्गठन मंत्री श्री मुकेश गौर जी , मालवा प्रान्त अध्यक्ष श्रीमती मनीषा पाटिल जी ,प्रान्त उपाध्यक्ष श्री राकेश कुमार जैन एवम मोना दफ्तरी जी ,जिला महिला सहभागिता प्रमुख निरुपमा जैन, जिला संगठन मंत्री श्री संजय गोयल एवं जिला महामंत्री श्रीमती कीर्ति श्रीवास्तव पूर्व संस्कृति शाखा की कार्यकारिणी से ममता अग्रवाल कोषाध्यक्ष, श्रीमति लक्ष्मी दुबे उपाध्यक्ष, श्रीमति पदमा अग्रवाल कार्यवाहक सचिव, श्रीमति मित्रा शर्मा सह सचिव , सेवा संस्कार प्रमुख किरण शुक्ला,महिला सहभागिता प्रमुख मधु कोठारी, सदस्या हेमलता अग्रवाल, विशिष्ट सदस्या व्यायाम मार्गदर्शक जिम ट्रेनर लता यादव , सांस्कृतिक युवा वर्ग प्रभारी शिवांगी, सेवानिवृत्त शिक्षका एवम वरिष्ठ समाजसेवी संध्या तिवारी,वरिष्ठ एवम कर्मठ मार्गदर्शक हरिशंकर विजयवर्गीय, संरक्षक रामलाल प्रजापति जी शहर के गणमान्य प्रतिष्ठित और बुद्धिजीवीयो की उपस्थिति में स्वास्थ्य विभाग प्रमुख मार्गदर्शक डॉक्टर रुबीना परवीन और डॉक्टर सकीना कांच वाला , प्रतिष्ठित व्यवसायि श्री अशोक अग्रवाल ,श्री गिरीश कोठारी, जी के साथ सौजन्य भेट कर बैठक का शुभारंभ आगंतुक मुख्य अतिथि , अध्यक्ष महोदय मंचासीन अतिथियों का भारतीय परंपरा के अनुसार स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन कीर्ति श्रीवास्तव ने किया अपने उद्बोधन में जिला महामंत्री के पद की प्रथम बैठक के उपलक्ष में उपस्थित सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए आज की विषय वस्तु से अवगत कराया और बैठक का शुभारंभ किया तदोपरांत बैठक की रूपरेखा और विषय वस्तु पर विचार विमर्श किया गया, विगत गतिविधियों की जानकारी ममता अग्रवाल जी ने दी । बैठक के मुख्य विषय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष निशिकांत जी ने अपने विचार व्यक्त कर मार्गदर्शन दिया, सभी पदाधिकारियों ने अपने–अपने विचार व्यक्त कर बैठक को सफल बनाया बैठक की व्यवस्था एवम नियोजन पदमा अग्रवाल ,मित्रा शर्मा और मधु कोठारी जी ने की ।सभी श्रेष्ठ जनों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। अंत मे पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष लक्ष्मी दुबे जी ने आभार व्यक्त किया बैठक स्नेहपूर्ण वातावरण में स्वल्पाहार के साथ संपन्न हुई।

# चार्टर्ड अकाउंटेंट का देश की तरक्की में अहम महत्व




देश की तरक्की में तथा देश के विकास को गति प्रदान करने के लिए सीए यानी चार्टर्ड अकाउंटेंट का अहम महत्व होता है। चार्टर्ड अकाउंटेंट विद का प्रबंधन जिसमें बैंक अकाउंट को मैनेज करना होता है बजट ऑडिटिंग करना बिजनेस की स्ट्रैटेजी और टैक्स से संबंधित कार्य करना होता है। सी ए एक ऐसा पेशा, जो किसी भी देश की वित्तीय स्थिति को दिशा देता है। असंशयी भरोसेवाला इनका कार्य, देश की सरकार और वहां की जनता के बीच वित्तीय हिसाब–किताब की नींव मजबूत करता है... अपनी बुद्धिमता, मेहनत और विश्वास के जरिए आज समाज में इन्होंने वह मुकाम हासिल किया है, जिसके बिना त्रुटिहीन हिसाब–किताब की कल्पना संभवनहीं है। 1 जुलाई को सीए (चार्टर्ड अकाउंटेंट) स्थापना दिवस मनाया जाता है। आज हम बात कर रहे हैं जयपुर के रहने वाले एक चार्टर्ड अकाउंटेंट जितेंद्र यादव जोकि जयपुर के पास महला गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने अपनी बुद्धिमता और अपनी सोच और अपने ज्ञान का सही सदुपयोग करके इस मुकाम को हासिल किया है। हमेशा से ही नेकी और इमानदारी के साथ कार्य करते आ रहे हैं। आज उनका जन्म दिवस है इस अहम मौके पर बधाइयां देने वालों की भीड़ लगी हुई है। क्योंकि एक अच्छा से ही अपने व्यवसाय को ऊंचाइयों की ओर गति प्रदान करता है। मिस्टर यादव में वह काबिलियत है इसी की बदौलत आज उन्हें जयपुर में उन्होंने खुद की एक चार्टर्ड अकाउंटेंट कंपनी खोल रखी है जिसमें बहुत संख्या में युवा और युक्तियां कार्यरत है। अभी चार पांच रोज पहले मुंबई में हुए वर्ल्ड लेवल के चार्टर्ड अकाउंटेंट कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लेने का उन्हें मौका मिला। इस कॉन्फ्रेंस में डेढ़ सौ देशों से साडे 7000 सीए लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। साथ ही 200 के करीब स्पीकर्स ने अपने विचार प्रकट किए थे। इस कांफ्रेंस के लिए उनका चयन होना जयपुर के लिए गौरवपूर्ण बात है। उन्होंने कई सारी क्विज में 6 से 7 प्राइस भी जीते थे। कॉन्फ्रेंस में अदानी अंबानी सहित बहुत माने हुए उद्योगपतियों ने हिस्सा लिया था। आवाज इंडिया न्यूज राजस्थान तथा सत्य आपके सामने जितेंद्र यादव चार्टर्ड अकाउंटेंट को जन्म दिवस के उपलक्ष में हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान करता है। तथा परम पिता परमेश्वर से यह प्रार्थना करता है कि हमेशा अपनी सोच को हमेशा जो बच्चे सीए का कोर्स करने की इच्छा रखते हैं उनके साथ साझा करें। पत्रकार गिरधारी लाल प्रजापत ने भी मुंबई से अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# बाजवा के खास, इमरान से पुराना विवाद, नए सेना प्रमुख के बाद कितने बदलेंगे पाकिस्तान के सियासी हालात?

पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार ने ले. जनरल आसिम मुनीर को पाकिस्तान का नया सेना प्रमुख नियुक्त किया है। इसके साथ ही नए सेना प्रमुख को लेकर कई दिनों से चल रहा अटकलों का दौर मंगलवार को समाप्त हो गया। पाकिस्तान की सूचना मंत्री मरियम औरंगजेब ने ट्वीट करके इसकी जानकारी दी। मुनीर मौजूदा सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा की जगह लेंगे।आखिर आसिम मुनीर कौन हैं? इससे पहले वह किन पदों पर रह चुके हैं? उन्हें सेना प्रमुख बनाए जाने के पीछे क्या वजह है? उनके आने के बाद पाकिस्तान की राजनीति में क्या बदलाव हो सकते हैं? आइये जानते हैं३ आसिम मुनीर कौन हैं?पाकिस्तानी अखबार डॉन के मुताबिक आसिम मुनीर ऑफिसर ट्रेनिंग प्रोग्राम के जरिए सेना में आए थे। जहां उनकी नियुक्ति फ्रंटियर फोर्स रेजीमेंट में हुई थी। मौजूदा सेना प्रमुख जनरल बाजवा के खास लोगों में शामिल लेफ्टिनेंट जनरल मुनीर को 2017 के शुरुआत में मिलिट्री इंटेलिजेंस डायरेक्टर जनरल बनाया गया। अक्तूबर 2018 में मुनीर पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी P के चीफ बना दिए गए। उनके नाम सबसे कम समय तक इस पद पर रहने का रिकॉर्ड है। कहा जाता है कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान के दबाव में उन्हें महज आठ महीने बाद ही पद छोड़ना पड़ा था। इसके बाद लेफ्टिनेंट मुनीर दो साल तक गुंजरावाला कॉर्प्स कमांडर के पद पर तैनात रहे। यहां से उन्हें सेना प्रमुख के मुख्यालय में स्थानांतरित कर दिया गया। जहां वह क्वार्टरमास्टर जनरल रहे। लेफ्टिनेंट जनरल आसिम मुनीर पाकिस्तान के तेजतर्रार और साफ कहने वाले अधिकारियों में गिने जाते हैं। हालांकि, कुछ तकनीकी कारणों से उन्हें सेना प्रमुख की दौड़ में शामिल बड़े दावेदारों में नहीं गिना जा रहा था। उनकी नियुक्ति के बाद पाकिस्तानी मीडिया उन्हें डार्क हॉर्स कह रही है। मुनीर के करियर के बात करें तो सितंबर 2018 में उन्हें पदोन्नत करके लेफ्टिनेंट जनरल बनाया गया था। इसी महीने 27 नवंबर को उनका कार्यकाल रिटायरमेंट के साथ ही समाप्त हो रहा था। इमरान खान P चीफ के पद से महज आठ महीने में ही क्यों हटा दिए गए थे मुनीर?एक पाकिस्तानी पत्रकार ने नाम नहीं छापने की शर्त पर कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल मुनीर की छवि सुलझे हुए और स्ट्रेट फारवर्ड सैन्य अधिकारियों की है। 2018 में जब उन्हें P का डीजी बनाया गया तो उनके पास भ्रष्टाचार से जुड़ी कुछ जानकारियां आईं। इन मामलों में इमरान खान के परिवार से जुड़े लोगों की संलिप्तता का पता चला। कहा जाता है कि जब तत्कालीन P डीजी मुनीर ने इसकी जानकारी इमरान खान को दी तो इमरान उनसे खफा हो गए। इसके बाद ही इमरान खान ने सेना प्रमुख पर मुनीर को हटाने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। इमरान का दबाव के चलते उन्हें पद से हटा दिया गया। इसके बाद जहां उनकी नियुक्ति की गई उसे एक तरह से सजा के तौर पर की गई नियुक्ति माना गया। सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा के साथ पीएम शाहबाज शरीफमुनीर को सेना प्रमुख बनाए जाने के पीछे क्या वजह है? पाकिस्तानी पत्रकार कहते हैं कि मुनीर तीन दिन बाद रिटायर होने वाले थे। इससे ऐन पहले उन्हें सेना प्रमुख जैसी जिम्मेदारी दे दी गई। अब कम से कम तीन साल वह देश के सबसे ताकतवर पद पर बने रहेंगे। इसके बाद भी उनका कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है।शहबाज शरीफ सरकार को उम्मीद होगी की इस नियुक्ति की वजह से सेना प्रमुख का उनकी सरकार की ओर झुकाव रहेगा। हालांकि, पाकिस्तान का राजनीतिक इतिहास बताता है कि ऐसा हो यह जरूरी नहीं है। पहले भी कई बार इस तरह की नियुक्ति के बाद सरकार की उम्मीद के उलट सेना प्रमुख का रुख रहा है। उदाहरण के लिए 1976 में कई दावेदारों को दरकिनार करके जनरल जिया उल हक की नियुक्ति तत्कालीन प्रधानमंत्री जुल्फीकार अली भुट्टो ने की थी। बाद में उन्हीं जिया उल हक ने भुट्टो का तख्तापटल कर दिया। नवाज शरीफ के साथ तो ऐसा एक नहीं दो–दो बार हुआ है। जिन परवेज मुशर्रफ को उन्होंने कई दावेदारों को नजरअंदाज करके सेना प्रमुख बनाया उन्होंने ही उनका तख्तापटल कर दिया। इसी तरह कमर जावेद बाजवा के मामले में भी नवाज के अनुभव अच्छे नहीं रहे और उन्हें देश के बाहर जाना पड़ा। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खाननए सेना प्रमुख के आने के बाद पाकिस्तान की राजनीति में क्या बदलाव हो सकते हैं? पाकिस्तानी पत्रकार कहते हैं कि इस बदलाव से पाकिस्तान की राजनीति में कोई बड़ा सुधार या बदलाव होने जा रहा है इसकी उम्मीद नहीं करनी चाहिए। ये जरूर है कि इमरान खान के लिए बाजवा के जाने के बाद बहुत कुछ नहीं बदलता दिख रहा है। इमरान की वजह से ही मुनीर को P चीफ का पद छोड़ना पड़ा था। मुनीर के मन में ये टीस भी जरूर रहेगी। इमरान और उनकी पार्टी ने जिस तरह के हमले जनरल बाजवा पर किए हैं अगर वो जारी रहते हैं तो ये रिश्ते और खराब हो सकते हैं।पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार ने ले. जनरल आसिम मुनीर को पाकिस्तान का नया सेना प्रमुख नियुक्त किया है। इसके साथ ही नए सेना प्रमुख को लेकर कई दिनों से चल रहा अटकलों का दौर मंगलवार को समाप्त हो गया। पाकिस्तान की सूचना मंत्री मरियम औरंगजेब ने ट्वीट करके इसकी जानकारी दी। मुनीर मौजूदा सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा की जगह लेंगे।आखिर आसिम मुनीर कौन हैं? इससे पहले वह किन पदों पर रह चुके हैं? उन्हें सेना प्रमुख बनाए जाने के पीछे क्या वजह है? उनके आने के बाद पाकिस्तान की राजनीति में क्या बदलाव हो सकते हैं? आइये जानते हैं३ आसिम मुनीर कौन हैं?पाकिस्तानी अखबार डॉन के मुताबिक आसिम मुनीर ऑफिसर ट्रेनिंग प्रोग्राम के जरिए सेना में आए थे। जहां उनकी नियुक्ति फ्रंटियर फोर्स रेजीमेंट में हुई थी। मौजूदा सेना प्रमुख जनरल बाजवा के खास लोगों में शामिल लेफ्टिनेंट जनरल मुनीर को 2017 के शुरुआत में मिलिट्री इंटेलिजेंस डायरेक्टर जनरल बनाया गया। अक्तूबर 2018 में मुनीर पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी P के चीफ बना दिए गए। उनके नाम सबसे कम समय तक इस पद पर रहने का रिकॉर्ड है। कहा जाता है कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान के दबाव में उन्हें महज आठ महीने बाद ही पद छोड़ना पड़ा था। इसके बाद लेफ्टिनेंट मुनीर दो साल तक गुंजरावाला कॉर्प्स कमांडर के पद पर तैनात रहे। यहां से उन्हें सेना प्रमुख के मुख्यालय में स्थानांतरित कर दिया गया। जहां वह क्वार्टरमास्टर जनरल रहे। लेफ्टिनेंट जनरल आसिम मुनीर पाकिस्तान के तेजतर्रार और साफ कहने वाले अधिकारियों में गिने जाते हैं। हालांकि, कुछ तकनीकी कारणों से उन्हें सेना प्रमुख की दौड़ में शामिल बड़े दावेदारों में नहीं गिना जा रहा था। उनकी नियुक्ति के बाद पाकिस्तानी मीडिया उन्हें डार्क हॉर्स कह रही है। मुनीर के करियर के बात करें तो सितंबर 2018 में उन्हें पदोन्नत करके लेफ्टिनेंट जनरल बनाया गया था। इसी महीने 27 नवंबर को उनका कार्यकाल रिटायरमेंट के साथ ही समाप्त हो रहा था। इमरान खान P चीफ के पद से महज आठ महीने में ही क्यों हटा दिए गए थे मुनीर?एक पाकिस्तानी पत्रकार ने नाम नहीं छापने की शर्त पर कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल मुनीर की छवि सुलझे हुए और स्ट्रेट फारवर्ड सैन्य अधिकारियों की है। 2018 में जब उन्हें P का डीजी बनाया गया तो उनके पास भ्रष्टाचार से जुड़ी कुछ जानकारियां आईं। इन मामलों में इमरान खान के परिवार से जुड़े लोगों की संलिप्तता का पता चला। कहा जाता है कि जब तत्कालीन P डीजी मुनीर ने इसकी जानकारी इमरान खान को दी तो इमरान उनसे खफा हो गए। इसके बाद ही इमरान खान ने सेना प्रमुख पर मुनीर को हटाने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। इमरान का दबाव के चलते उन्हें पद से हटा दिया गया। इसके बाद जहां उनकी नियुक्ति की गई उसे एक तरह से सजा के तौर पर की गई नियुक्ति माना गया। सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा के साथ पीएम शाहबाज शरीफमुनीर को सेना प्रमुख बनाए जाने के पीछे क्या वजह है? पाकिस्तानी पत्रकार कहते हैं कि मुनीर तीन दिन बाद रिटायर होने वाले थे। इससे ऐन पहले उन्हें सेना प्रमुख जैसी जिम्मेदारी दे दी गई। अब कम से कम तीन साल वह देश के सबसे ताकतवर पद पर बने रहेंगे। इसके बाद भी उनका कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है।शहबाज शरीफ सरकार को उम्मीद होगी की इस नियुक्ति की वजह से सेना प्रमुख का उनकी सरकार की ओर झुकाव रहेगा। हालांकि, पाकिस्तान का राजनीतिक इतिहास बताता है कि ऐसा हो यह जरूरी नहीं है।

MEDIA NEWS
झुग्गी झोपड़ी
हिन्दी दैनिक
आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश व अन्य प्रदेश मे कार्य करने हेतु लोगो की आवश्यकता है
संपर्कः- 277/129 चकिया जगमल का हाता
जनपद प्रयागराज पिन कोड 211016
उत्तर प्रदेश
9918366626 , 9140343290

# अयोध्या के फैजाबाद में 15वीं बरसी पर याद किए गए बलिदानी अधिवक्ता



मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की पावन धर्मनगरी अयोध्या जनपद में 23 नवंबर वर्ष 2007 को सीरियल बम धमाकों में बलिदान हुए अधिवक्ता पंडित राधिका प्रसाद मिश्र सहित स्टांप वेंडर मुंशी इत्यादि को बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कालिका प्रसाद मिश्र के नेतृत्व में शैड नंबर 4 में भावभीनी विनम्र श्रद्धांजलि प्रदान की गई इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पंडित कालिका प्रसाद मिश्र ने कचहरी परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कचहरी की सुरक्षा व्यवस्था अत्यंत ही दयनीय अवस्था में है बार एसोसिएशन की ओर से कई बार अनुरोध करने के बावजूद शासन और प्रशासन इस विषय पर गंभीर नहीं हैबार एसोसिएशन के महामंत्री सूर्य नारायण सिंह ने भी कचहरी व्यवस्था की सुरक्षा पर्याप्त ना होने पर चिंता व्यक्त की और इसके और इसके लिए उन्होंने शासन और प्रशासन को दोषी ठहराया अधिवक्ता राजीव शुक्ला ने कहा कि ब्लास्ट के 15 वर्ष पूरे होने पर आज के दिन भी प्रशासन शासन का कोई भी का कोई भी उच्चाधिकारी ना तो कचहरी परिसर का निरीक्षण करने आया और ना ही चेकिंग डॉग स्क्वायड द्वारा कचहरी चेकिंग की गई अधिवक्ता मनीष पांडेय ने कहा कि कचहरी की सुरक्षा व्यवस्था अपर्याप्त है भविष्य में इसका बुरा खामियाजा अधिवक्ता और अधिकारियों को भुगतना पड़ सकता है,श्री पांडे ने यह भी कहा कि बलिदान हुए पंडित राधिका प्रसाद मिश्र सहित सभी वेंडर और मुंशी यू के बलिदान स्थल की मांग कचहरी परिसर में बनाने की मांग कई वर्षों से लंबित पड़ी है परंतु उसका क्रियान्वयन नहीं हो रहा है यह बड़े दुर्भाग्य की बात है श्रद्धांजलि देने वाले प्रमुख लोगों में बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री आलोक खरे कार्यकारिणी कोषाध्यक्ष विकास श्रीवास्तव सदस्य हरिनाथ सिंह विपिन मिश्रा अधिवक्ता मनीष पांडेय अधिवक्ता राजीव शुक्ला, कृष्ण मोहन सिंह अधिवक्ता विवेक श्रीवास्तव सोमनाथ तिवारी विश्वनाथ तिवारी रामचंद्र यादव अखंड यादव रामनाथ शर्मा अजय श्रीवास्तव जितेंद्र श्रीवास्तव प्रेम मोहन मालवीय फारुख खान वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र पाठक जगतपाल यादव रामनाथ शर्मा पत्रकार एडवोकेट सहित सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ता गण उपस्थित !

# जिला कारागार के कैदी योग की डोज से भगा रहे रोग



कोरोना संक्रमण बीत जाने के बाद एक ओर जहां रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने की होड़ मची हुई है। वहीं कारागार में बंद कैदी योग की डोज से रोग दूर भगा रहे हैं। जेल प्रशासन की ओर से प्रतिदिन प्रातरू काल के योग और व्यायाम का सत्र संचालित कराया जाता है, ताकि जेल कैदियों की रोग प्रतिरोधक क्षमता में इजाफा हो सके। जेल अधीक्षक प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने बताया जेल में बंद कैदी योगाभ्यास को लेकर काफी पहले से सजग हैं और लंबे समय से प्रतिदिन योगा करते हैं, लेकिन योगा के प्रति कैदियों की रुझान बढ़ी है और दिन–प्रतिदिन योगा करने वाले कैदियों की संख्या बढ़ती जा रही है। पहले जहां पांच–दस कैदी सामूहिक रूप से योग करते थे वहीं अब पांच दर्जन से अधिक कैदी टीम में शामिल हो गए हैं। जेल में अपराध के कारण बंद योगा के विभिन्न आसन के जानकार कैदी ही कैदियों को योग कराते हैं। जेल प्रशासन रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ने के मद्देनजर बुजुर्ग कैदी और किसी भी बीमारी से ग्रसित कैदियों को योगाभ्यास से जुड़ने के लिए प्रेरित कर उसे योगा करवाते हैं।। प्रतिदिन सुबह करीब एक घंटे तक जेल के अंदर बने योगा प्लेटफार्म पर योग और व्यायाम करवाया जाता है। हालांकि योग के दौरान संक्रमण से बचाव के लिए कैदी उत्साह के साथ शारीरिक दूरी का पालन करते हैं। जेल अधीक्षक ने बताया जेल प्रशासन की ओर से इसकी पूरी निगरानी की जाती है।

# डीएम ने एसपी के साथ गल्ला मण्डी के धान क्रय केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण



जिलाधिकारी डॉ दिनेश चन्द्र ने पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी के साथ धान खरीद का जायजा लेने के उद्देश्य से कृषि उत्पादन मण्डी समिति सलारपुर में संचालित धान क्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खाद एवं रसद विभाग द्वारा संचालित 03 धान क्रय केन्द्रों व भारतीय खाद निगम द्वारा संचालित 01 धान क्रय केन्द्र पर धान की खरीद हो रही थी। केन्द्र पर मौजूद किसानों से जिलाधिकारी ने धान खरीद के सम्बंध में फीडबैक प्राप्त किया। किसानों द्वारा केन्द्र की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया गया। डीएम द्वारा केन्द्र प्रभारियों को निर्देश दिया कि क्रय केन्द्र पर आने वाले किसानों को शासन द्वारा अनुमन्य सुविधाएं मुहैया कराते हुए शासन के मंशानुसार धान खरीद की जाय। ग्राम गोकुलपुर के अमर सिंह व कृष्णपाल सिंह, विकास खण्ड पयागपुर के पकड़ीकला के अरुण तिवारी, शिवदहा के रामू सिंह व अलियाबुल के शशांक सिंह के धान की तौल की जा रही थी। इस अवसर पर डिप्टी आरएमओ संजीव सिंह द्वारा जिलाधिकारी को बताया गया कि जनपद में विभिन्न क्रय एजेन्सियों द्वारा कुल 112 क्रय केन्द्र संचालित किये जा हैं। संचालित क्रय केन्द्रों के माध्यम से अब तक 963 किसानों से 62928 कुंटल धान की खरीद की गयी है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि शासन की मंशानुर क्रय केन्द्रों पर मानक के अनुसार सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराते हुए किसानों की उपज की खरीद की जाय। जिससे जिले के किसानों को सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य का लाभ मिल सके और उनके आय में वृद्धि हो जिससे किसानों की जीवन में खुशहाली आये। इस अवसर पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी संजीव सिंह, सचिव मण्डी धनन्जय सिंह, जिला गन्ना अधिकारी शैलेश कुमार मौर्या सहित धान क्रय केन्द्र प्रभारी दिवेन द्विवेदी, आनन्द प्रताप पटेल, विनीत सिंह व बृजेन्द्र मिश्रा सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# अयोध्या में 26 नवंबर 2022 को संविधान दिवस पर सम्मानित किए जायेगें अधिवक्ता



मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की पावन धर्मनगरी अयोध्या जनपद में आगामी 26 नवम्बर2022 को संविधान दिवस के अवसर पर देश एवं प्रदेश के दिग्गज अधिवक्ताओं को सम्मानित किया जाएगा। जाम इंडिया के संयोजक वरिष्ठ अधिवक्ता गिरीश तिवारी ने बुधवार को यहां इसे लेकर तैयारी बैठक भी की। उन्होंने बताया कि देश के दिग्गज अधिवक्ताओं का आगमन संविधान दिवस 26 नवंबर को आचार्य नरेंद्र देव सभागार कचहरी परिसर में आयोजित अधिवक्ता राष्ट्रीय अलंकरण समारोह में हो रहा है। जिसमें फैजाबाद बार एसोसिएशन के अधिवक्ता साथी आने वाले अतिथियों का स्वागत करेंगे। देश के नामी–गिरामी अधिवक्ताओं को सम्मानित किया जाएगा। समारोह में दिग्गज वकीलों के उल्लेखनीय योगदान की चर्चा भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम फैजाबाद बार एसोसिएशन के संरक्षण में होगा। उन्होंने बताया कि समारोह की तैयारी को लेकर बुधवार को अधिवक्ता साथियों के साथ बैठक भी हुई जिसमें कार्यक्रम की पूरी रुपरेखा तय की गई।

# अंतर्राष्ट्रीय साहित्योदय संस्था द्वारा भव्य सम्मान समारोह

लखनऊ उत्तर प्रदेश। साहित्यिक सेवा हेतु लखनऊ की लेखिका




कवयित्री साधना मिश्रा विंध्य जी को अयोध्या में आयोजित जन रामायण काव्यार्चन में श्रेष्ठ लेखन के लिए सम्मानित किया गया। जन रामायण ग्रंथ में देश विदेश के प्रतिभागियों ने रामचरितमानस को सरल भाषा में लिखने का प्रयास किया है ग्रंथ के संपादक पंकज प्रियम जी ने विगत 1 वर्ष में अपार उपलब्धि प्राप्त करते हुए इस ग्रंथ को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज करने के लिए पंजीबद्ध किया है पंकज प्रियम जी के इस प्रयास के लिए सभी सम्मानित सदस्यों ने पंकज प्रियम जी को हार्दिक शुभकामनाएं व्यक्ति की इस भव्य ग्रंथ का विमोचन उत्तर प्रदेश की लोक गायिका आदरणीया मालिनी अवस्थी जी द्वारा किया गया। 151 से अधिक रचनाकारों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सम्बन्धित अपराध में अर्थदंड सहित 20 वर्षो का कठोर कारावास की करायी गयी सजा

अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन, वाराणसी के निर्देशन व पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक मीरजापुर 'संतोष कुमार मिश्रा' द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सम्बन्धित अपराध में प्राथमिकता के आधार पर प्रभावी पैरवी कराई गयी । जिसके परिणाम स्वरूप मा0न्यायालय द्वारा अभियुक्त को नाबालिक के साथ दुष्कर्म के आरोप में दण्डित करते हुए 20 वर्षों का कठोर कारावास व छ82 हजार के अर्थदण्ड की सजा कराने में सफलता प्राप्त हुई ।घटना का संक्षिप्त विवरणः

दिनांकः 21.04.2021 को थाना पड़री पर वादी द्वारा नामजद अभियुक्त के विरूद्ध अपनी (वादी की) नाबालिक पुत्री को बहला फुसला कर भगाने व दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई थी जिसके आधार पर थाना पड़री पर मु0अ0सं0–57ध2021 धारा 504,506,363,366,376 भादवि व धारा 4 पॉक्सो एक्ट पंजीकृत कर तत्काल नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था । पुलिस अधीक्षक मीरजापुर 'संतोष कुमार मिश्रा' द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत उक्त महिला सम्बन्धित अपराध को प्राथमिकता देते हुए थाना पड़री पुलिस एवं मॉनीटरिंगध पैरवी सेल को निर्देशित करते हुए प्रवाभी एवं सशक्त पैरवी कराया गया । जिसके फलस्वरूप मा0न्यायालय ैच्स (श्र) च्वैब्ब ।बज.मीरजापुर महिला सम्बन्धित उपरोक्त अपराध में दोषी पायें जाने पर अभियुक्त को 20 वर्षों का कठोर कारावास एवं छ82 हजार के अर्थदण्ड की सजा सुनायी गयी तथा अर्थदण्ड अदा न करने की दशा में अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा ।सजायाफ्ता अभियुक्त मनीष उर्फ मोनू पुत्र राज नरायन निवासी गुरखुल्ली पो0 हिनौती थाना पड़री जनपद मीरजापुर ।

# मंगल पाण्डेय चौक के जीर्णोद्धार के लिए अयोध्या नगर निगम ने स्वीकृत किये हैं 3 लाख 89 हजार रुपये



मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के पावन धर्मनगरी अयोध्या में चौक स्थित शहीद स्मारक का नगर निगम द्वारा जीर्णोद्धार कराया जाएगा। इसके लिए निगम की ओर से 3 लाख 89 हजार रुपये स्वीकृत किये गये हैं। मंगलवार को शहीद स्मारक सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित समारोह के दौरान स्मारिका के जीर्णोद्धार कार्य का नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्त द्वारा नारियल फोड़कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर वीर नारी गंगोत्री पाण्डेय, वीर नारी शीला पाण्डेय सीआरपीएफ के वीर नारी ज्ञानमति यादव, पुलिस की वीर नारी निर्मल तिवारी के अलावा प्रीतम सिंह, राजेन्द्र प्रताप सिंह, शक्ति सिंह, प्रकाश कुमार गुप्त, डा. रानी अवस्थी, डॉ. प्रियंका त्रिपाठी, कृपानिधान तिवारी आदि ने शहीद स्मृतिका पर पुष्प अर्पित किया। कार्यक्रम के अध्यक्षता राजेन्द्र सिंह छावड़ा और संचालन ओमप्रकाश सिंह नाहर ने किया। कैप्टन जेपी द्विवेदी ने अतिथियों का स्वागत किया।

# डीएम-एसएसपी ने किया जेल का औचक निरीक्षण, बैरकों की ली तलाशी



बदायूँ जिलाधिकारी मनोज कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 ओमप्रकाश सिंह ने संयुक्त रूप से बुधवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेल में बैरकों में ली गई तलाशी में कोई आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ। डीएम ने जेल अधीक्षक को दिशा निर्देश दिए कि बंदियों के लिए व्यवस्थाओं और सुविधाओं को बेहतर बनाया जाए।जेल पहुंचे अधिकारियों ने पुलिस बल की मदद से पुरुष और महिला बैरकों की तलाशी ली। वहीं कारागार परिसर के अस्पताल की व्यवस्था का भी जायजा लिया। सुरक्षा को लेकर भी व्यवस्था की जांच की गई। जेल में मुलाकातियों की व्यवस्था को लेकर भी पड़ताल की गई। बंदियों की क्षमता के बारे में भी जानकारी ली गई। मेडिकल वार्ड में बंदियों के उपचार को लेकर जेल प्रशासन द्वारा दिए जाने वाली सुविधाओं के बारे में अधिकारियों ने जानकारी ली। डीएम व एसपी ने जेल में साफ सफाई की व्यवस्था को देखा और साफ–सफाई बेहतर रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा, विधि व्यवस्था और बंदियों को मिलने वाली सुविधाओं से संबंधित जांच की गई। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने बंदियों को बेहतर भोजन के साथ मनोरंजन के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर अन्य सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज में जनपद स्तरीय रबी उत्पादकता गोष्ठी का हुआ आयोजन



अमेठी अमेठी जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने आज जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज के प्रांगण में आयोजित जनपद स्तरीय रबी उत्पादकता गोष्ठी का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। इसके उपरांत उन्होंने कृषि, उद्यान, श्रम, वन, पशुपालन एवं विभिन्न समूह द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। उन्होंने गोष्ठी में आए हुए सभी किसानों का अभिनंदन करते हुए कहा कि जब भी विकास की बात होती है तो उसके केन्द्र बिन्दु में कृषि क्षेत्र की प्रमुख भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार जब राज्य की अर्थव्यवस्था की बात होती है तो उसके मूल आधार में भी आशय कृषि से ही होता है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुसार किसान का हित सर्वोच्च है, सरकार और प्रशासन इसके लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी आवश्यकता अनुसार खाद, बीज आदि का वितरण सुनिश्चित किया गया है। कृषि क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है। सिंचाई के लिए समय पर समुचित पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। टेल तक पानी पहुंचाने के लिए जनपद स्तर के साथ साथ उच्च स्तर पर भी अनुश्रवण किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन किसानों के हित के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जनपद में कृषि से सम्बन्धित कार्यों में हम अच्छी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में कृषकों को अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो, इस मंशा से शासन प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि उत्पादन में लगातार बढ़ोतरी तथा कृषि उपज के उचित विपणन से किसानों के जीवन स्तर में और अधिक सुधार आएगा। उन्होंने कहा कि हमें अपनी प्राकृतिक सम्पदा को बचाने के लिए भी कृषि और विशेषकर जैविक खेती को और अधिक प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों की किसी भी समस्या का तत्काल निराकरण करने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है। जिलाधिकारी ने किसानों से आग्रह किया कि वे पराली किसी भी हाल में न जलाएं, सेटेलाइट से ऐसी घटनाएं पकड़ ली जाती हैं, पराली जलाने वाले किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गोष्ठी में किसानों ने आवारा पशुओं, विद्युत, खाद की समस्या उठाई, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही निस्तारण के निर्देश दिए।

**झुग्गी झोपड़ी**

सत्वाधिकार, मुद्रक एवं प्रकाशक संजय कुमार यादव द्वारा रमा प्रिंटिंगप्रेस 53/25/1ए, बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित रहीमाबाद पोस्ट कटहुला गौसपुर जिला प्रयागराज तहसील सदर से प्रकाशित

सम्पादक
संजय कुमार यादव

RNI No.: UPHIN/2015/63182
दूरभष : 0532–2618074
मोबाईल : 9918366626
डाक पंजिकृत ए/बी 123/21.23
e-mail: Jhuggijhopari@gmail.com
Website- www.Jhuggijhopari.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदाई तथा इन से उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगा